mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-76 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
20 मार्च 2025 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



मुंबई इंडियंस की...
@ पेज 7

# राज्य विकास में आगे, फिर 75 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे क्यों?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि राज्यों ने विकास सूचकांक को रेखांकित करने के लिए प्रति व्यक्ति आय दर्शायी लेकिन सब्सिडी की बात आने पर उन्होंने 75 प्रतिशत आबादी

- **सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के विकास सूचकांक को लेकर सुनाई खरी-खरी**

के गरीबी रेखा से नीचे होने का दावा किया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि सब्सिडी का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ''हमारी चिंता यह है कि क्या वास्तविक गरीबों के लिए निर्धारित लाभ उन लोगों तक पहुंच रहे हैं जो इसके हकदार नहीं हैं? राशन कार्ड अब एक लोकप्रियता कार्ड बन गया है।''

न्यायाधीश ने कहा, ''ये राज्य बस यही कहते हैं कि हमने इतने कार्ड जारी किए हैं। कुछ राज्य ऐसे हैं जो जब उन्हें अपना विकास दिखाना होता है तो कहते हैं कि हमारी प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है और फिर जब हम बीपीएल की बात करते हैं तो वे 75 प्रतिशत आबादी को गरीबी रेखा के नीचे बताते हैं। इन तथ्यों के बीच सामंजस्य किस तरह बैठाया जा सकता है। विरोधाभास अंतर्निहित है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे।''

**जानें पूरा मामला:** यह सुनवायी कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों की परेशानियों के समाधान के लिए स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए एक मामले से संबंधित थी। कुछ हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि आंकड़ों में यह विसंगति लोगों की आय में असमानताओं से उपजी है। उन्होंने कहा, ''कुछ मुट्ठी भर लोग हैं, जिनके पास अन्य लोगों की तुलना में बहुत अधिक संपत्ति है और प्रति व्यक्ति आय का आंकड़ा राज्य की कुल आय का औसत है। अमीर और अधिक अमीर होते जा रहे हैं, जबकि गरीब अब भी गरीब बने हुए हैं।''

भूषण ने कहा कि सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत गरीब प्रवासी श्रमिकों को मुफ्त राशन दिए जाने की जरूरत है और यह आंकड़ा लगभग 8 करोड़ है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि राशन कार्ड जारी करने में कोई राजनीतिक तत्व शामिल नहीं होंगे। मैं अपनी जड़ों से अलग नहीं हुआ हूं। मैं हमेशा गरीबों की दिक्कतें जानना चाहता हूं। ऐसे परिवार हैं जो गरीब बने हुए हैं।'' भूषण ने कहा कि केंद्र ने 2021 की जनगणना नहीं करायी और 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर भरोसा करना जारी रखा, जिसकी वजह से मुफ्त राशन की जरूरत वाले करीब 10 करोड़ लोग बीपीएल श्रेणियों से बाहर रह गए।

## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में 3 विश्वविद्यालयों ने छात्रों की सुरक्षा को लेकर उठाया बड़ा कदम

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के तीन विश्वविद्यालयों ने सुरक्षा कारणों से अनिश्चित काल के लिए परिसर में कक्षाएं निलंबित कर दी हैं और छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा है। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली है। प्रांत में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच विश्वविद्यालयों ने यह कदम उठाया है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान विश्वविद्यालय, सरदार बहादुर खान महिला विश्वविद्यालय और तुर्बत विश्वविद्यालय ने डीन और



शैक्षणिक विभागों के प्रमुखों के साथ परामर्श के बाद यह निर्णय लिया है। पिछले सप्ताह आतंकवादियों ने सिबी के पास जाफर एक्सप्रेस को कब्जे में लेकर यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 26 बंधकों की जान चली गई थी। तब से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में हुए हमलों और सुरक्षा खतरों के बाद तीनों विश्वविद्यालयों ने कक्षाएं ऑनलाइन कर दी हैं। इस बीच यहां यह भी बता दें कि, पाकिस्तानी सैनिक अपनी सुरक्षा को लेकर परेशान हैं और सेना से भाग रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के दिनों में 2500 सैनिकों ने सेना को अलविदा कह दिया है। इसके पीछे की वजह सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति और सैनिकों का मारा जाना है।

### जेलेंस्की फिर ट्रंप से मिलने का बना रहे प्लान

**यूक्रेन (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। दोनों ही देश एक दूसरे पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप और जेलेंस्की के बीच युद्धविराम को लेकर सहमति समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत हो सकती है। वैसे देखा जाए तो अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' युद्ध विराम समझौते को लेकर आशावादी है। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को संदेह है कि पुतिन ट्रंप को दिखावटी समर्थन देने के अलावा और कुछ नहीं कर रहे हैं,



जबकि रूसी सेना उनके देश पर बमबारी जारी रखे हुए है। इससे पहले क्रेमलिन ने कहा था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रस्ताव पर सहमति जताई जिसमें रूस और यूक्रेन को 30 दिनों के लिए एक-दूसरे के ऊर्जा ढांचे पर हमला बंद करने को कहा गया था। क्रेमलिन ने एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले को लेकर फोन कॉल पर विस्तृत चर्चा की है। मंगलवार को हुई बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पुतिन ने कहा कि संघर्ष का समाधान ÷व्यापक, टिकाऊ और दीर्घकालिक÷ होना चाहिए, जिसमें रूस के अपने सुरक्षा हितों और युद्ध के मूल कारणों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। व्हाइट हाउस ने इसे शांति की ओर पहला कदम बताया है।

## यूपी में युवक को तीन मंजिला मकान पर लटकाकर पीटा

**बुलंदशहर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के अनूपशहर इलाके में दबंगों की दबंगई का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दबंगों ने यहां एक शख्स को तीन मंजिला मकान पर लटकाकर पीटा है। दबंगों की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसे देखकर हर कोई हैरान है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने भी घटना का



संज्ञान लिया है और मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल, अनूपशहर इलाके में मुकेश नामक शख्स को तीन मंजिला मकान पर लटकाकर पीटने का वीडियो वायरल रहा है। पीड़ित की पत्नी ने पुलिस को आधा दर्जन दबंग आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पत्नी ने बताया है कि 15 मार्च को दोपहर 3 बजे गांव के ही अजय और उसके पुत्र विजय ने उनके घर पर हमला किया। अनूपशहर सीओ ने कहा है कि मामला संज्ञान में है। पीड़ित पक्ष थाने पर आए थे और थाना प्रभारी को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बुलंदशहर के अनूपशहर में एक परिवार के साथ दबंगों द्वारा की गई क्रूरता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना के वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग युवक को मकान की तीसरी मंजिल की छत पर लटका कर पीट रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, ये घटना रुकमणी बिहार कॉलोनी की है। किराए के मकान में रह रही पीड़ित की पत्नी ने पुलिस को इस मामले में तहरीर दे दी है।

**माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स भारत के दौरे पर**

## बिल गेट्स और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स इन दिनों भारत के दौरे पर हैं और इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), स्वास्थ्य सेवा और कृषि के साथ-साथ डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई। हालांकि दोनों की मुलाकात सोमवार को हुई थी लेकिन इस मुलकात को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक्स पर एक पोस्ट लिखा। इस पोस्ट में उन्होंने बिल गेट्स के पोस्ट को रीपोस्ट किया लिखा कि हमेशा की तरह, बिल गेट्स के साथ एक बेहतरीन बैठक हुई। हमने आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में तकनीक, इनोवेशन समेत विभिन्न मुद्दों पर बात की।

**जे पी नड्डा से भी की मुलाकात:** बता दें कि बिल गेट्स ने बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा से मुलाकात की और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सरकार और 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' के बीच सहयोग की समीक्षा की। गेट्स ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि और रोजगार सृजन के क्षेत्रों में सेवा वितरण में सुधार के वास्ते एआई और पूर्वानुमान विश्लेषण का फायदा उठाने के संबंध में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के साथ भी चर्चा की। नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में भारत द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''हम अपने



सहयोग ज्ञापन को नवीनीकृत करने तथा सभी नागरिकों के लिए किफायती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।''

**चंद्रबाबू नायडू से भी मिले बिल गेट्स:** गेट्स के साथ अपनी बैठक के बाद नायडू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य के दीर्घकालिक विकास लक्ष्य 'स्वर्ण आंध्र प्रदेश 2047' के दृष्टिकोण को साकार करने में गेट्स फाउंडेशन की भूमिका की सराहना की। नायडू ने कहा, ''हमारा मानना ??है कि गेट्स फाउंडेशन के साथ यह साझेदारी हमारे लोगों को सशक्त बनाने और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।''

## थाने के बाहर पुलिसकर्मियों को महिलाओं ने पीटा

**गया (एजेंसी)।** बिहार के गया जिले के खिजरसराय थाना पर महिला की गिरफ्तारी के विरोध में दर्जनों महिलाएं इकट्ठा हो गई। थाना का गेट खुलते ही महिलाएं पुलिसकर्मियों से भिड़ गई। महिलाओं की संख्या ज्यादा होने की वजह से दरोगा अपनी जान बचाने के लिए भागकर थाने में घुस गए और गेट बंद कर दिया। इसके बाद महिलाएं और उग्र हो गई। कथित तौर पर महिलाओं ने पुलिसकर्मी की



पिटाई की। वहीं महिलाओं का भी आरोप है कि पुलिसकर्मी ने उनको पीटा। बाद में हंगामा कर रही महिलाओं को पुलिस ने थाने के बाहर से हटाया। जानकारी के अनुसार, कुछ महिलाओं को हिरासत में भी लिया गया है। पुलिस को खदेड़ने का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना मंगलवार की बताई जा रही है। एसएसपी आनंद कुमार ने बुधवार को बताया कि खिजरसराय थाना क्षेत्र के केनी गांव में एक घटना हुई थी। होली के दिन विनोद सिंह 15 मार्च को अपने भाई से मिलने गया। जहां कुछ लोगों के द्वारा हमला किया गया। जिसमें प्राथमिकी दर्ज कराया गया। इस मामले में खिजरसराय थाना पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उसी महिला के गिरफ्तारी के विरोध में महिलाएं हंगामा कर रहीं थी।

## नागपुर दंगा: बजरंग दल के आठ कार्यकर्ताओं ने थाने में किया सरेंडर

**बजरंग दल के 9 कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज**

**नागपुर (एजेंसी)।** नागपुर हिंसा मामले में बजरंग दल के आठ कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नागपुर के कोतवाली थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बजरंग दल के 9 कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र प्रमुख बाहर होने की वजह से आज सरेंडर नहीं कर पाए।

दरअसल, 17 मार्च को औरंगजेब कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया था। आंदोलन के बाद जिन आंदोलनकारियों पर एफआईआर दर्ज की गई थी, उनमें से आठ ने नागपुर के कोतवाली थाने में सरेंडर कर दिया। महाराष्ट्र और गोवा के क्षेत्र प्रमुख गोविंद शेनडे नागपुर से बाहर होने की वजह से आत्मसमर्पण नहीं किये। इसकी जानकारी बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के वकील संजय बालपांडे ने इंडिया टीवी को दी।

एडवोकेट संजय पाल पांडे ने बताया कि नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, इनमें से आठ लोगों ने आज कोतवाली थाने में आज समर्पण किया है। उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के वकील का कहना है कि 299 धारा




जो उन के ऊपर लगाई गई है, वह गलत तरीके से लगाई गई है, क्योंकि इन लोगों ने आंदोलन की अनुमति ली थी।

वहीं, महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने नागपुर हिंसा के सिलसिले में अब तक 54 लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पुलिसकर्मियों पर हमले के मामलों से सख्ती से निपटा जाएगा। महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री कदम ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जनहित के कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं

**सीएम योगी ने कहा, गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई तय**

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में लापरवाही को अस्वीकार बताया है। उन्होंने कहा है कि अच्छे लोगों की कहीं कोई कमी नहीं है, इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जनपद स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय



सीमा का पालन करने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और ट्रांसपेरेंसी दोनों आवश्यक है। उन्होंने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि ओडीओपी को आगे बढ़ाना होगा। देखना होगा कि क्या इसमें जनपदों के विशिष्ट फूड को भी जोड़ा जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परफॉर्मेंस का जो डेटा विभाग देते हैं, उनकी रैंडम चेकिंग की जाए। मुख्य सचिव स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में टॉप-10 विभागों और योजनाओं पर चर्चा की जाए। जो विभाग और योजनाएं टॉप पर हैं, उनका प्रजेंटेशन सबके सामने रखा जाए और उन्हें बताया जाए कि किस तरह कार्य करना है और कहां कमी रह गई है। उनकी रिपोर्ट और सक्सेस स्टोरीज को बाकी के साथ शेयर किया जाना चाहिए।

## पति से परेशान महिला सीमा पार कर आई भारत

**बीएसएफ ने किया गिरफ्तार, जांच जारी**

**अनूपगढ़ (एजेंसी)।** राजस्थान में एक अजीबो-गरीब मामला देखने को मिला है। दरअसल अपने पति से परेशान एक महिला सीमा पार कर भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रही थी, जिसे बीएसएफ ने पकड़ लिया और जब उससे पूछताछ की गई तो यह कहानी सामने आई। इस मामले पर श्रीगंगानगर जिले के एसपी गौरव यादव ने कहा, ÷कल पीएसएफ ने एक महिला को पकड़ा था, जिसने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार की थी। उससे पूछताछ की गई और उसने प्रथम दृष्टया बताया कि वो काफी समय से सीमा पार करने का प्रयास कर रही थी। उसने यह भी बताया है कि वो अपने पति से परेशान थी। इसमें जो भी तथ्य हैं, उस पर काफी गहनता से पूछताछ की जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक जो अनुसंधान हुआ है, उसके तहत यह कराची (पाकिस्तान) की रहने वाली है।



उन्होंने कहा, पाकिस्तान से आई इस महिला के पास से कुछ ऐसा बरामद नहीं हुआ है जिसपर संदेह किया जा सके। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इसका कोई उद्देश्य हो सीमा पार करने का। इसपर जांच की जा रही है। अभी तक जो जांच की गई है, उसमें पता चला है कि वह बलोच जाति की है लेकिन रहने वाली कराची की है। इस एंगल और नजरिए से भी जांच की जा रही है कि कहीं उसका संबंध बीएलए से न हो। बता दें कि बीएलए का पूरा नाम बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है जो लगातार पाकिस्तान सेना पर हमले कर रही है और उसका मकसद बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करना है।

पुलिस ने बताया कि घटना अनूपगढ़ थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान सीमा पर तारबंदी पार कर भारतीय इलाके में घुसी महिला को बीएसएफ के जवानों ने पकड़ लिया। पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कौशिक ने बताया कि पकड़ी गई 30 वर्षीय महिला ने अपना नाम अमायरा बताया है और वह पाकिस्तान के बलूचिस्तान की रहने वाली है।

उन्होंने बताया कि बीएसएफ और सुरक्षा एजेंसियां अमायरा से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि उसका भारतीय सीमा में प्रवेश करने का असली उद्देश्य क्या था? कौशिक ने बताया कि पाकिस्तानी महिला को बीएसएफ ने फिलहाल पुलिस को नहीं सौंपा है।

## दबंगों ने युवक को पीटकर हाईवे पर फेंका, 50 मीटर तक ट्रक ने घसीटा

**अमरोहा ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के गजरौला थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-9 पर एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। आपसी रंजिश के चलते कुछ दबंगों ने एक युवक को घर से बुलाकर पहले पीटा, फिर हाईवे पर फेंक दिया। इस घटना में युवक माल से भरा तेज रफ्तार ट्रक के नीचे आ गया। युवक ट्रक के टायर में फंसकर करीब 50 मीटर तक घसीटता चला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान अक्षित विश्नोई के रूप में हुई। इस खौफनाक घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें हादसे की भयावह तस्वीरें कैद हो गई हैं। मृतक के पिता कुलदीप सिंह ने बताया, मेरे बेटे अक्षित को धर्मेंद्र नाम के व्यक्ति ने फोन कर बुलाया। मेरे बेटे और सोनू कश्यप की रंजिश चल रही थी। फिर उसे नाईपुरा बात करने को बुलाया, तो उसने मुझे बताया और चला गया। पिता ने आगे बताया, बेटे ने वहां जाकर एक ढाबे पर रुका और वहां कोल्ड ड्रिंक पी। इस दौरान वहां पर घात लगाए जो लोग बैठे थे, उनमें से एक पहले स्कूटी से आया। उसने आवाज मारी, फिर और लोग आ गए। मेरे बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी और मारते हुए हाइवे के किनारे ले गए, बेरहमी से मारा और फिर उसे एक गाड़ी के आगे फेंक दिया। गाड़ी का टायर उसके ऊपर चढ़ा और वो घिसटते हुए चला गया।

## सक्षम आंगनवाड़ी एवं मिशन पोषण 2.0 के तहत आंगनवाड़ी कार्यकताओं का होगा प्रशिक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पश्चिम मध्य रेलवे के केन्द्र सरकार के पोषण भी-पढाई भी कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को नेशनल करिकल्म फॉर अर्ली चाईल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन 2024 (आधारशिला) एवं नेशनल फ्रेमवर्क फॉर अर्ली चाईल्डहूड स्टीमूलेशन 2024 (नवचेतना) के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च 2025 और 24 से 26 मार्च को होगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पालकों को बाल विकास को प्रेरित करने के संबंध में जागरूक करने, पोषण संबंधी गतिविधियों, 3-6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों में दिव्यांगता एवं विकास में देरी के संबंध में पालकों को जागरूक करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिये राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान नई दिल्ली एवं इंदौर द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षणों के माध्यम से परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया गया है। पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला बाल विकास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों के उन्मुखिकरण के लिये एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल के होटल रेडिसन में 18 मार्च को प्रातः 9:30 बजे किया जा रहा है।

## रायसेन रोड-न्यू मार्केट में बिजली कटौती, 30 इलाकों में असर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजधानी भोपाल के करीब 30 इलाकों में गुरुवार को 2 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। यहां बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें रायसेन रोड, न्यू मार्केट, पटेल नगर, बिसनखेड़ी, कैंची छोला, भोईपुरा जैसे कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में लोग जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि, बिजली नहीं होने की वजह से उन्हें परेशान न होना पड़े। इन इलाकों में पड़ेगा असरः सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक पटेल नगर डी सेक्टर, रायसेन रोड, एनआईबीडी कैम्पस, वर्धमान, नागपुर हॉस्पिटल, लक्ष्मी हॉस्पिटल, मारुति हॉस्पिटल, अथर्व हॉस्पिटल, कैंची छोला, सत्यज्ञान कॉलोनी, नवजीवन कॉलोनी, गोंदरमऊ गांव, भारत सिंह कॉलोनी एवं आसपास। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अचारपुरा, जगदीशपुर, हजपुरा, दोबरा, भोईपुरा, खामखेड़ा एवं आसपास के इलाके। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक सूरज नगर, बरखेड़ी कलां, सेवनिया, गौरा, बिसनखेड़ी एवं आसपास के इलाके। दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक हाउसिंग बोर्ड सेंटर पाइंट, टीन शेड, अपेक्स बैंक, 74 बंगलो, न्यू मार्केट एवं आसपास के इलाके।

## सीने में चाकू लगने के बाद बेसुध हुआ युवक, किन्नर पीटते रहे, लोग देखते रहे



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में सरेराह युवक की हत्या के मामले में नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि सीने में चाकू लगने के बाद युवक बेसुध हो चुका है। एक किन्नर ने उसे पकड़ा हुआ है। युवक पड़ोस में खड़ा है, पड़ोस में खड़े रौनक नाम के इस युवक पर हत्या का आरोप है। वहीं, लहूलुहान हालत में पड़े आदिल को एक अन्य वृद्ध किन्नर सीने में मुक्के मार रहा है। आस-पास कई अन्य किन्नर भी खड़े दिख रहे हैं। कई अन्य लोग खड़े होकर पूरी घटना देख रहे हैं। पूरा घटनाक्रम रविवार सुबह का है। नया वीडियो सामने आने के बाद मृतक के परिजन ने मंगलवार देर रात तक थाने का घेराव किया। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाए हैं कि हत्याकांड के असल आरोपियों को बचाया जा रहा है। रौनक नाम के जिस युवक ने सीने में चाकू घोंपा उसे गिरफ्तार नहीं किया गया। बेसुध होने के बाद बुजुर्ग किन्नर ने युवक के सीने में मुक्के मारे, उसे भी आरोपी नहीं बनाया गया है। मृतक आदिल के बड़े भाई शहाब ने आरोप लगाया कि एफआईआर में पुलिस ने केवल महक और नवाब को आरोपी बनाया है। जबकि वे शुरू से ही कह रहे थे कि भाई की हत्या में कई लोग शामिल हैं। शहाब के मुताबिक, टीआई सीबी राठौर ने उनसे कहा कि वीडियो खुद चेक करो और सबूत लाकर दो। इसके बाद, उन्होंने खुद घटनास्थल के आसपास के कई लोगों से मुलाकात की और फुटेज खंगाले। जिसमें हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों के वीडियो मिले। परिजन का आरोप है कि पुलिस को शुरू से ही बताया गया था कि रौनक उर्फ रोनी (निवासी माता मंदिर) ने उनके भाई के सीने में चाकू घोंपा और उसकी हत्या की। लेकिन पुलिस ने उसे आरोपी नहीं बनाया। यहां तक कि फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस कार्रवाई में देरी कर रही थी, जिसके चलते थाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# भोपाल में रंगपंचमी पर टैंकरों से रंगों की बरसात, गली-गली, चौक-चौराहों और कॉलोनियों में रंगों और गुलाल की बौछार





**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में रंगपंचमी धूमधाम से मनाई जा रही है। गली-गली, चौक-चौराहों और कॉलोनियों में रंगों और गुलाल की बौछार शुरू हो गई है। छोटे-बड़े सभी उम्र के लोग अबीर-गुलाल उड़ाते हुए, ढोल की थाप पर नाचते-गाते और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का आनंद ले रहे हैं। इस बीच, पुराने भोपाल से रंगपंचमी का भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान झांकियां भी नजर आई, जिनमें शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और ब्रज की होली की झलक देखने को मिली। साथ ही ढोल-ताशे, डीजे, दुल-दुल घोड़ी, ऊंट, घोड़े और फूल-गुलाल उड़ाने वाली मशीनों ने इस उत्सव की रौनक को दोगुना कर दिया। जुलूस चौक से शुरू होकर घोड़ा नक्कास, कुंदन नमकीन, जुमेराती से होते हुए पीर गेट स्थित कर्फ्यू वाली माता के मंदिर पर पहुंचा, जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। समापन के दौरान 6 टैंकरों से लोगों पर गुलाल बरसाया गया, जिससे पूरा वातावरण लाल, गुलाबी, पीला और हरे रंगों में रंग गया। इसके अलावा, जुलूस में कई आकर्षक झांकियां भी शामिल थीं इधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बंगले पर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ होली के गीत गाए।

## स्कूलीय नवीन शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ



**मीडिया ऑडीटर, विदिसा ( एजेंसी )।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जिले में स्कूलीय शैक्षिकण सत्र अप्रैल माह से शुरू होने के पहले जन जागरुकता अभियान के माध्यम से संदेशों का संप्रेषण हर स्तर पर किया जा खासकर 6वीं और 9वीं में नवप्रवेशी एक बच्चा दाखिला से वंचित ना रहे। इसके लिए जिले की आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज रहे ऐसे बच्चे जो अब 6 वर्ष के हो रहे हैं या हो चुके हैं। उन सब का नजदीक के शासकीय प्राथमिक स्कूल में दाखिला हो इस के लिए हरेक आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विदिशा शहरी परियोजना अधिकारी श्री संजय सिंह ने बताया की शहरी क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर रोज अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरूकता संबंधी कार्यों को पूरा कराया जा रहा है।

## भोपाल कोषालय द्वारा एनपीएस अभिदाताओं के लिए मिसिंग क्रेडिट जमा करने की प्रक्रिया शुरू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जिला कोषालय अंतर्गत समस्त आहरण अधिकारी एवं अभिदाताओ को सूचित किया है कि अशंदायी पेंशन योजना (एनपीएस) में मिसिंग क्रेडिट राशि अभिदाता (सब्सक्राइबर) के खातों में जमा किया जाना है। राज्य शासन के अधीन एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त शासकीय सेवकों पर अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। इस योजना के तहत शासकीय सेवकों के वेतन से 10 प्रतिशत और शासकीय अंशदान के रूप में 10 प्रतिशत (एक अप्रैल 2021 से 14 प्रतिशत) की कटौती कर प्रान खाते में जमा की जाती है। ऐसे कर्मचारी जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं और उनके अंशदान उनके प्रान में जमा नहीं हुए है ऐसे प्रकरणों में मिसिंग क्रेडिट की समस्या होती है। गुमशुदा कटौत्री की समस्या के समाधान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा आइएफएमआइएस में सुविधा विकसित की गई है। वेतन देयक जिनसे शासकीय सेवकों का अंशदान काटा गया डीडीओ को कर्मचारी वार विवरण भरना होगा। इसके बाद शासकीय अंशदान और कर्मचारी अंशदान का दावा स्वतः जेनरेट होगा। आहरण अधिकारी इसे कोषालय को भेजेगा और अंशदान जमा होगा।

ऐसे शासकीय सेवक जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं उनके अंशदान के चालानों का विवरण कोषालय अधिकारी द्वारा आइएफएमआइएस में भरा जाएगा एवं रिफंड देयक तैयार कर अंशदान जमा करने की कार्यवाही की जाएगी जिस के लिए सम्बंधित अभिदाता चालान कि सत्यपित प्रति लेकर दिनांक 31 मार्च 2025 के पूर्व जिला कोषालय भोपाल में उपस्थित होंगे।

# गांव के विकास में टैक्स सखी निभा रही जिम्मेदारी




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को आयोजित टैक्स सखियों समीक्षा बैठक में सीईओ श्रीमती इला तिवारी ने टैक्स कलेक्शन कार्य करने वाली दीदीयों की प्रशंसा की। गौरतलब हो जिले की ग्राम पंचायतों में अधिरोपित किये जाने वाले कर जैसे जलकर, स्वच्छता कर, सम्पत्तिकर आदि की वसूली आजीविका मिशन अंतर्गत कार्यरत स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

जिला पंचायत भोपाल द्वारा नवाचार के रूप में कर वसूली करने वाली दीदीयों को 卐टैक्स सखी卐 के रूप नियुक्त किया है। टैक्स सखी डोर-टू-डोर करदाताओं से संपर्क कर टैक्स वसूलने का कार्य कर रही है। साथ ही पंचायत दर्पण के ऑनलाइन पोर्टल पर इसकी एन्ट्री भी सुनिश्चित कर रही है। टैक्स सखी एवं करदाताओं के बीच पारदर्शिता बनाये रखने के लिए ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनो माध्यम से टैक्स वसूली सुनिश्चित की जा रही है। हितग्राही स्वयं भी क्यू.आर. कोड के माध्यम से अधिरोपित करों का भुगतान कर सकता है।

समीक्षा बैठक में एसीईओ जिला पंचायत श्री शंकर पांसे, डीपीएम डॉ. रेखा पाण्डेय, जिला समन्वयक संतोष झारिया सहित जनपद पंचायत के ब्लॉक प्रबंधक एवं समस्त टैक्स सखी उपस्थित रही। देवास जिले की टीम ने की टैक्स सखी से चर्चा। टैक्स सखियों ने बताया कि सबसे पहले हमने ग्रामीणों के बीच टैक्स कलेक्शन एवं उससे गांव के विकास में भूमिका के विषय पर जागरूकता लाने का कार्य किया। स्थानीय स्तर पर सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक के सहयोग से टैक्स कलेक्शन की महत्वपूर्णता पर चर्चा कर ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कराया। धीरे धीरे सभी ग्रामीणजन स्वेच्छा से टैक्स का भुगतान करने लगे।

## दिव्यांग गुलाब बाई को प्रदान की गई ट्राई साईकिल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की निर्देशन में मंगलवार को एडीएम श्री भूपेंद्र गोयल, श्री अंकुर मेश्राम, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 98 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में शिव नगर कॉलोनी, विदिशा रोड भोपाल से दिव्यांग श्रीमति गुलाब बाई पंथी पत्नी श्री घनश्याम पंथी को कलेक्टर श्री कौशलेंद्र सिंह के आदेशानुसार सामाजिक न्याय निश्शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा ट्राई साईकिल प्रदान की गई। एडीएम श्री गोयल, श्री मेश्राम एवं सीईओ श्रीमती तिवारी ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# वन विहार राष्ट्रीय उद्यान की 100 मीटर सीमा ईको सेंसेटिव जोन घोषित



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश सरकार ने वन्यजीवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विहार राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 100 मीटर के दायरे को ईको सेंसेटिव जोन घोषित किया है। यह निर्णय वन्यजीवों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है। पिछले 15 दिनों में राजस्व विभाग और वन विभाग की एक संयुक्त समिति ने वन विहार की सीमा का सीमांकन किया। इस प्रक्रिया के दौरान, स्थानीय निवासियों से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि यह कदम वन्य प्राणियों को सुरक्षित रखने और समाज के सभी लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से अपना काम करने देने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है। इस क्षेत्र में आने वाले तीन गांवों, प्रेमपुरा, आमखेड़ा और धरमपुरा का सीमांकन किया गया है। धरमपुरा में जलभराव के कारण सांकेतिक सीमांकन किया गया है, जबकि अन्य क्षेत्रों में पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए सीमांकन किया गया है। सरकार का यह निर्णय वन विहार के वन्यजीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आसपास के क्षेत्रों में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा।

# लूकोमा जागरूकता सप्ताह में दी जा रही जानकारी



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ग्लूकोमा जागरूकता एवं स्क्रीनिंग के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा 9 मार्च से ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य संस्थाओं और मोबाइल नेत्र जांच यूनिट के माध्यम से 76 लोगों की ग्लूकोमा जांच की गई है। ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह में इसके लक्षणों की पहचान और उपचार के सम्बन्ध में जानकारी दी जा रही है। ग्लूकोमा अंधत्व का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। सही समय पर इलाज न होने से यह बीमारी अंधेपन का कारण भी बन सकती है। प्रारंभिक अवस्था में इसकी पहचान एवं इलाज ही इस बीमारी से बचाव है। 40 वर्ष से अधिक के वे लोग जिन्हें मधुमेह या उच्च रक्तचाप की बीमारी हो, दूर अथवा नजदीक देखने में परेशानी हो या परिवार में किसी को ग्लूकोमा रहा हो उनको ग्लूकोमा जांच अवश्य करानी चाहिए। आंखों से बल्ब के चारों ओर रंगीन गोला नजर आने, आंखों में तेज दर्द, लगातार सर दर्द एवं उल्टी, चश्मे का नंबर बार-बार बदलने, धुंधला दिखाई देना इस बीमारी के सामान्य लक्षण हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि ग्लूकोमा, जिसे काला मोतिया भी कहा जाता है, एक नेत्र रोग है। जिसके कारण दृष्टि कमजोर होती है। यह आमतौर पर तब होता है जब आंख की पुतली के भीतर अतिरिक्त पानी का दबाव ऑप्टिक नस को नुकसान पहुंचाता है।

ग्लूकोमा की जल्द पहचान न करने एवं सही उपचार न लेने पर यह अंधेपन का कारण भी बन सकता है। बीमारी की शीघ्र पहचान के लिए लोगों के नजदीक पहुंचकर मोबाइल वैन के माध्यम से जांच करवाई जा रही है। राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम नेत्र रोगों की जांच एवं उपचार सुविधा शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है।

# संजय टाइगर रिजर्व में दिखा दुर्लभ बाघ

## शांत स्वभाव का टी26 पानी की तलाश में निकला, सामने आया वीडियो

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सिंगरौली और सीधी जिले की सीमा पर स्थित संजय टाइगर रिजर्व में दुर्लभ बाघ दिखाई दिया। दुबरी रेंज में टी26 नामक इस बाघ का वीडियो बुधवार को सामने आया है।

मुख्य वन संरक्षक अमित दुबे के अनुसार, टी26 एक शांत स्वभाव का बाघ है। यह जंगल में बहुत कम दिखाई देता है। उनका मानना है कि बाघ पानी की तलाश में बाहर आया होगा।

वन विभाग वीडियो की प्रामाणिकता की जांच कर रहा है।



साथ ही विभाग टी26 की गतिविधियों पर विशेष नजर रख रहा है। वीडियो की रिकॉर्डिंग की तारीख अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

संजय टाइगर रिजर्व अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है। इस तरह के दुर्लभ बाघों का दिखना पर्यावरणीय संतुलन का सकारात्मक संकेत है।

वन्यजीव विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि वे बाघों को उनके प्राकृतिक आवास में बिना किसी बाधा के रहने दें। उन्होंने बाघों की मौजूदगी को अनावश्यक रूप से प्रचारित न करने की भी सलाह दी है।

# कार की टक्कर से युवक और 8 वर्षीय बच्चा घायल, स्कॉर्पियो का ड्राइवर फरार, सीधी के सतनरा की घटना



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के सतनरा में बुधवार शाम 5:30 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मिश्रगवा निवासी 26 वर्षीय दिग्विजय रावत और 8 वर्षीय मुन्ना रावत घायल हो गए। दोनों सीधी की ओर जा रहे थे।

स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल चौकी में तैनात सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ लापरवाह ड्राइविंग का मामला दर्ज किया गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो बहुत तेज गति से आ रही थी। वाहन ने अचानक संतुलन खो दिया और बाइक से टकरा गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर अकसर हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन सड़क सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। क्षेत्र में लोग आक्रोशित हैं। वे दोषी चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

लोगों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। साथ ही तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की है।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में युवाओं के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने जानकारी देकर बताया है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगारपरक बनाना है।

जिससे युवाओं को वास्तविक कार्यानुभव प्राप्त हो सके और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि हो। योजना में 21 वर्ष से 24 वर्ष आयु के युवा जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉलीटेक्निक या स्नातक किये हैं और वे किसी अप्रेन्टिस या पूर्णकालिक रोजगार में न हो, ऐसे युवा पंजीयन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को इंटर्नशिप की अवधि में 5000 रूपये प्रति माह स्टायपेंड और एकमुश्त 6000 रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने होगी। इस योजना के द्वितीय राउंड में पंजीयन और प्रोफाइल पूर्ण करने एवं इंटर्नशिप अवसर में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 हो गयी है। योजना में पात्र युवा योजना की लिंक पर जाकर पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं।

# रेंजर की गाड़ी, वनकर्मी की बाइक को टक्कर मारी

## आरोपी तस्कर फरार, शहडोल वन विभाग ने जब्त किए 3 वाहन और 18 पशु

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल जिले में वन विभाग की टीम ने पशु तस्करी करते हुए तीन वाहनों को जब्त किया, जिनमें 18 पशु लदे हुए थे। घटना बीती मंगलवार-बुधवार रात करीब 1 बजे की है।

वन परिक्षेत्राधिकारी जैतपुर की टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान खाम्हीडोल की तरफ से कई पिकअप वाहन आते दिखे। टीम ने वाहनों को रोकने की कोशिश की। लेकिन एक वाहन चालक ने रेंजर की गाड़ी को टक्कर मार दी और सभी वाहन भाग निकले।



**टीम ने पीछा कर तीन वाहनों को पकड़ा:** वन विभाग की दूसरी टीम ने भठिया में वाहनों को रोकने की कोशिश किया। तस्कर वाहन मोड़कर भागने लगे। टीम ने पीछा कर तीन वाहनों को पकड़ लिया। दो ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गए। एक ड्राइवर ने बीटगार्ड की बाइक को टक्कर मारी और खेत तक घसीटते हुए फरार हो गया। दो अन्य वाहन भी भाग निकले।

जैतपुर और झींकबिजुरी क्षेत्र के स्थानीय थाने के सामने से तस्करी के वाहन बिना किसी डर के निकलते हैं। वन विभाग ने कार्रवाई की और पकड़े गए वाहनों को पुलिस के हवाले किया।

# 2 गांजा तस्कर पकड़ाए

## आरोपी बैढन में रहता था, स्थानीय निवासी के साथ सप्लाई देने जा रहा था



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले की बैढन पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में 2 युवक को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी यूपी का रहने वाला है। इकने पास से 35 हजार रुपए का गांजा और एक बाइक जब्त की गई है।

उप निरीक्षक नृपेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी भदोही जिले का सनी गुप्ता (21) है। वह बैढन के गनियारी इलाके में किराए पर रह रहा था। उसका साथी जो स्थानीय निवासी है, मिथलेश शाह बलियरी का रहने वाला है। इसी ने सनी को कमरा दिलाया था।

**गांजा सप्लाई करने जा रहे ते, तभी पुलिस ने पकड़ा:** पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति नीली पल्सर बाइक से गांजा लेकर हीरावती अस्पताल के पीछे गनियारी की तरफ जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। दोनों आरोपियों के पास से 1 किलो 768 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक पप्पू सिंह, सहायक उप निरीक्षक अरविंद द्विवेदी और प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह सिंगर की अहम भूमिका रही।

# रेलवे ओवरब्रिज का काम अधूरा, 2024 में पूरा होना था

## गर्डर लॉन्चिंग का काम जल्द करें, क्रॉसिंग पर कोटवारों की ड्यूटी लगाए: कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर में रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं हो सका है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज बुधवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने काम में तेजी लाने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

यह प्रोजेक्ट 24 जून 2021 को शुरू हुआ था। इसे 23 अगस्त 2023 तक पूरा होना था। लेकिन ठेकेदार समय सीमा में काम पूरा नहीं कर सका। सेतु निर्माण विभाग ने बिना कोई जुर्माना लगाए प्रोजेक्ट की समय सीमा 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। इसके बाद भी काम अब तक पूरा नहीं हुआ है।



**गर्डर लॉन्चिंग का काम जल्द शुरू कहा:** ऊर्जा विभाग के अनुसार, आरओबी के लिए अंडरग्राउंड वायरिंग का काम पूरा हो चुका है। केबल जॉइंटिंग और चार्जिंग का काम एक दिन में पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर ने रेलवे विभाग को अनावश्यक बिजली के खंभे और लाइनें हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही गर्डर लॉन्चिंग का काम जल्द शुरू करने को कहा है।


**कलेक्टर बोले- मैं खुद काम की निगरानी करूंगा:** सुरक्षा को लेकर कलेक्टर ने एसडीएम को कोटवारों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। रेलवे लाइन क्रॉसिंग पर ट्रेनों की आवाजाही के दौरान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि वे खुद समय-समय पर काम की मॉनिटरिंग करेंगे।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल, अधीक्षण यंत्री विद्युत गोस्वामी, तहसीलदार अनुपम पाण्डेय और नायब तहसीलदार मंगलदास चक्रवर्ती मौजूद रहे।

# किचन में लगी आग

## अमरकंटक हाईवे पर 3 घंटे तक रुका यातायात, दमकल की टीम ने पाया काबू

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल में अमरकंटक स्टेट हाईवे के पास स्थित एक मकान के किचन में बीती रात भीषण आग लग गई। आशीष सोनी के मकान में लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।



घटना बीती रात उस समय हुई जब महिलाएं किचन में खाना बना कर बाहर निकली थीं। अचानक किचन में आग लग गई। घर में मौजूद सभी लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई और बाहर निकल कर मदद की गुहार लगाई।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि हाईवे पर चल रहे वाहन चालकों को अपने वाहन रोकने पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत धनपुरी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दमकल विभाग को बुलाया।

धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह के अनुसार, दमकल कर्मियों ने लगभग 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मामले में आगजनी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अस्पताल में बुजुर्ग मरीज को नहीं मिला स्ट्रेचर, महिला को घिसटकर अंदर जाना पड़ा

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के बमीठा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खुल गई है। बुधवार सुबह एक बुजुर्ग महिला को बुखार का इलाज कराने के लिए अस्पताल आना पड़ा। स्वास्थ्य केंद्र में न तो स्ट्रेचर मिला और न ही स्टाफ ने कोई मदद की। महिला सद्दुपुरा गांव से 4 किलोमीटर दूर से इलाज के लिए आई थी। उसके साथ पति भी थे, जिन्हें कम दिखाई देता है। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**600 रुपए की वृद्धा पेंशन मिलती है:** पीड़ित महिला ने बताया कि उन्हें सरकार से केवल 600 रुपए की वृद्धा पेंशन मिलती है। उनके पास बैटरी रिक्शा तक किराए के लिए पैसे नहीं हैं। उनका मकान कच्चा है, लेकिन आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

# नकली स्मार्टफोन बेचने वाला गिरोह पकड़ा

## तीन आरोपियों से 5 लाख का माल बरामद, नेपानगर के रहने वाले हैं आरोपी



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर पुलिस ने नकली स्मार्टफोन बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बुरहानपुर के नेपानगर के तीन आरोपियों चंद्र सिंह (31), मोर सिंह (25) और सुनील मोहिते (26) को निहाल होटल से गिरफ्तार किया है।

मामला तब सामने आया, जब जितेंद्र सिंह ने एसपी से शिकायत की। जितेंद्र ने बताया कि 16 मार्च को कुछ युवक उनके गांव पसला आए। उन्होंने वन प्लस का नोर्ड सीई04 5जी मॉडल फोन 24,000 की जगह मात्र 8,000 रुपए में बेचा। बुरहानपुर-खंडवा की एक दुकान का बिल भी दिया। कुछ घंटों बाद फोन में खराबी आने लगी। सर्विस सेंटर में जांच से पता चला कि फोन नकली है। पुलिस ने आरोपियों से 5 नकली स्मार्टफोन, 20 चार्जर, 45 चार्जिंग केबल और तीन बाइक जब्त की हैं। जब्त सामान की कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। श्रीओम साईं शॉप बुरहानपुर की बिल बुक और सील भी बरामद की गई है।

पूछताछ में आरोपियों ने कोलकाता से नकली मोबाइल खरीदकर विभिन्न जिलों में सस्ते दामों पर बेचना कबूला है। आरोपी बाइक से ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर नकली मोबाइल बेच रहे थे। पुलिस ने धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। निहाल होटल के मालिक के बालमुकुन्द अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## स्पा सेंटर पर पुलिस की रेड, पुलिस ने 8 स्थानों पर छापेमारी कर 3 युवक और 4 युवतियों को हिरासत में लिया

**छतरपुर।** छतरपुर में बुधवार शाम को अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। निर्भया पुलिस और सिविल लाइन थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौधरी के अनुसार, स्पा सेंटर और देह व्यापार केंद्रों से जुड़ी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पन्ना रोड, सागर रोड और डेरी रोड स्थित 8 संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की।

**पुलिस सभी से पूछताछ कर रही:** निर्भया मोबाइल की उपनिरीक्षक नेहा गुर्जर और सिविल लाइन पुलिस की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने जानकारी देकर बताया है कि एम.पी.टास पोर्टल एवं एन.आई.सी पोर्टल 2.0 पर पिछड़ा वर्ग पो. मै. छात्रवृत्ति शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदनों हेतु पोर्टल पुनः ओपेन किया गया है।

आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण भोपाल द्वारा एम.पी.टास. पोर्टल एवं एन.आई.सी पोर्टल 2.0 पर पिछड़ा वर्ग पो.मै. छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नवीन/नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गयी है।

उन्होंने समस्त प्राचार्य शासकीय, अशासकीय एवं नोडल संस्थाओं को सूचित किया हैं कि उक्त के संबंध में तत्काल छात्रों को सूचित कर समय सीमा में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। साथ ही उक्त के संबंध में जानकारी संस्था के सूचना पटल पर संलग्न कर समय सीमा में आवेदन कराया जाना सुनिश्चित करें।

# भालू ने 10 वर्षीय बच्ची को बनाया निशाना

## गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, आंख और चेहरे को नुकसान पहुंचाया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी/रीवा (निप्र)।** सीधी के संजय टाइगर रिजर्व वन्य परिक्षेत्र से सटे भनखड़िया गांव में भालू ने 10 वर्षीय बच्ची को अपना निशाना बना लिया। जिसमें बच्ची मनीषा साहू गंभीर रूप से घायल हुई है। उसके आंख में गंभीर चोंट भी आई है। जिसे भालू ने बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया है। बुधवार की सुबह एक भालू ने एक बच्ची को अपने जबड़े में दबा लिया और जंगल की ओर जाने लगा। इसी दौरान इस पूरे घटनाक्रम पर मासूम के चाचा की निगाह उस पर जा पड़ी और उसने डंडा लेकर भालू को खदेड़ लिया।

परिजनों द्वारा घायल बच्ची को पहले तो सीधी के सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल की गंभीर अवस्था देखते हुए उसे संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया हैं। बताया गया कि बच्ची की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे पहले संजय गांधी अस्पताल के कैजुअल्टी उसके बाद सर्जरी विभाग के आईसीयू और फिर ऑप्टिहेल्मोंलॉजी विभाग भेजा गया।

मामले के संबंध में जानकारी देते हुए कि मासूम के चाचा तोता सिंह ने बताया कि बच्ची सुबह उठी और शौच के लिए घर के पीछे की ओर गई थी। इसी दौरान घर के पीछे की ओर लगे जंगल से अचानक एक भालू आया और बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची को अपने जबड़े में दबाकर जंगल की ओर जाने लगा। इसी दौरान भालू द्वारा निकाली गई। आवाज घर के अंदर तक आ गई। जिसके बाद मैंने डंडा लेकर भालू को खदेड़ लिया। मुझे पीछे आता देख भालू ने बच्ची को जमीन में गिरा दिया और जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद मैं बच्ची को सीधी के जिला चिकित्सालय ले गया। जहां से मासूम को रीवा रेफर किया।

वहीं संजय गांधी अस्पताल के प्रवक्ता डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी का कहना है कि भालू के हमले में बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं। उसका इलाज कई विभाग की विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है।

# सिंगरौली के वार्ड 20 में 30 लाख का टैक्स बकाया, नगर निगम ने जारी की 22 बड़े बकायेदारों की लिस्ट



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली नगर निगम ने वार्ड नंबर 20 के 22 बड़े टैक्स बकायेदारों सूची सार्वजनिक कर दी है, जिन्होंने लंबे समय से प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं किया है। वार्ड 20 में 30 लाख का टैक्स बकाया है।

नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर और राजस्व अधिकारी आर पी वैश्य ने बताया कि सभी बकायेदारों को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें एक हफ्ते के अंदर टैक्स जमा करने का निर्देश दिया गया है। समय सीमा में भुगतान न करने पर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

**अंबिका प्रसाद शाह का 2.39 लाख का टैक्स बकाया:** सबसे बड़े बकायेदारों में अंबिका प्रसाद शाह 2.39 लाख और देवांगन शाह 2.33 लाख रुपए के साथ शामिल हैं। देवेंद्र कुमार सिंह पर 1.55 लाख, छोटकन साकेत पर 1.43 लाख और अवनीश राम पर 1.29 लाख रुपए बकाया है। रामानंद साकेत पर 1.16 लाख, कृष्ण देव पांडे पर 1.12 लाख, बृजेश कुमार शाह पर 92 हजार और आरएस पांडे पर 83 हजार रुपए का टैक्स बकाया है। नगर निगम को उम्मीद है कि नाम सार्वजनिक होने से लोग टैक्स जमा करेंगे। अगर ऐसा नहीं होता है, तो निगम संपत्ति कुर्क कर टैक्स की वसूली करेगा। अधिकारियों के मुताबिक सिर्फ वार्ड नंबर 20 में ही करीब 30 लाख रुपए का टैक्स बकाया है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल सीधी का निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा द्वारा जिला जेल सीधी में बुधवार 19 मार्च को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजन के साथ जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर ने बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की तथा बंदियों को उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी।





शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा प्ली बारगेनिंग संबंधी जानकारी दी। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला ने बंदियों को जानकारी देते हुए कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता तहसील एवं जिला न्यायालय के साथ उच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा उच्चतम न्यायालय में उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के माध्यम से उपलब्ध होती है। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी।

उक्त शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, जेल अधीक्षक रविशंकर सिंह, उप जेल अधीक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश प्रताप सिंह सहित समस्त जेल स्टाफउपस्थित रहे।

# विचार

## अमेरिका ने वैश्विक आर्थिक नीतियों पर लिया यू टर्न

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारत के पूंजी (शेयर) बाजार से अपना निवेश अक्टूबर 2024 माह से लगातार निकाल रहे हैं। फरवरी 2025 माह में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 34,574 करोड़ रुपए (397 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक) की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से निकाला गया है। वर्ष 2025 में अभी तक 137,000 लाख करोड़ रुपए (1,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा निकाला जा चुका है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं। सबसे पहिले तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर में आई गिरावट एक मुख्य कारण रही इसके बाद सितम्बर 2024 तिमाही में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में आई कमी को दूसरे कारण के रूप में देखा गया। परंतु अब तो अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रशासन द्वारा टैरिफ के संदर्भ में की जा रही नित नयी घोषणाओं को भी एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में आयात किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ की दर को बढ़ा दिया गया है और अब यह घोषणा भी की जा रही है कि भारत सहित विभिन्न देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों के आयात पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तरह ही अमेरिका भी इन समस्त देशों से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर 2 अप्रेल 2025 से टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प प्रशासन का तो यहां तक कहना है कि भारत अपने देश में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर तो 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अब अमेरिका भी भारत से अमेरिका में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा। इससे बहुत सम्भव है कि भारत के फार्मा क्षेत्र, ऑटोमोबाइल क्षेत्र, इंजीनीयरिंग क्षेत्र एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़े। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारत के शेयर बाजार में किये गए निवेश का पोर्टफोलियो लगभग 20 प्रतिशत गिर गया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को यह आभास हो रहा है कि इसमें अभी और गिरावट आ सकती है अतः विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश अभी भी लगातार निकाल रहे है। दूसरे, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को भारतीय बाजार तुलनात्मक रूप से महंगे लग रहे हैं क्योंकि चीन एवं कुछ अन्य देशों की कम्पनियों के शेयर इन देशों के शेयर बाजार में सस्ते में उपलब्ध हैं।

# ट्रप प्रशासन के टैरिफ सबंधी निर्णयों से कैसे निपटे भारत

**ट्रप प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को लगातार बढ़ाते जाने की घोषणा कर रहा है योंकि ट्रप प्रशासन के अनुसार इन देशों द्वारा अमेरिका से किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेसिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रप प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा।**



इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि टिट फोर टेट एवं रेसिप्रोकल आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है। भारत ने वर्ष 2024 में अमेरिका को लगभग 74,000 करोड़ रुपए की दवाईयों का निर्यात किया है। 62,000 करोड़ रुपए के टेलिकॉम उपकरणों का निर्यात क्या है, 48,000 करोड़ रुपए के पर्ल एवं प्रेशस स्टोन का निर्यात किया है, 37,000 करोड़ रुपए के पेट्रोलीयम उत्पादों का निर्यात किया है, 30,000 करोड़ रुपए के स्वर्ण एवं प्रेशस मेटल का निर्यात किया है, 26,000 करोड़ रुपए की कपास का निर्यात किया है, 25,000 करोड़ रुपए के इस्पात एवं अल्यूमिनियम उत्पादों का निर्यात किया है, 23,000 करोड़ रुपए सूती कपड़े का निर्यात का किया है, 23,000 करोड़ रुपए की इलेक्ट्रिकल मशीनरी का निर्यात किया है एवं 22,000 करोड़ रुपए के समुद्रीय उत्पादों का निर्यात किया है। इस प्रकार, विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार है।

अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी बैंकों के बीच किए गए एक सर्वे में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि यदि अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के आयात पर टैरिफ इसी प्रकार बढ़ाते जाते रहे तो अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़कर 40 प्रतिशत के ऊपर पहुंच सकती है, जो हाल ही में जे पी मोर्गन द्वारा 31 प्रतिशत एवं गोल्डमैन सैचस 24 प्रतिशत बताई गई थी। इसके साथ ही, ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों की घोषणा में भी एकरूपता नहीं है। कभी किसी देश पर टैरिफ बढ़ाने के घोषणा की जा रही है तो कभी इसे वापिस ले लिया जा रहा है, तो कभी इसके लागू किए जाने के समय में परिवर्तन किया जा रहा है, तो कभी इसे लागू करने की अवधि बढ़ा दी जाती है। कुल मिलाकर, अमेरिकी पूंजी बाजार में सधे हुए निर्णय होते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं इससे पूंजी बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों का आत्मविश्वास टूट रहा है। और, अंततः इस सबका असर भारत सहित अन्य देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर पड़ता हुआ भी दिखाई दे रहा है।

हालांकि, ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ को बढ़ाए जाने सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत के लिए स्वर्णिम अवसर भी बन सकता है। क्योंकि, भारतीय जब भी दबाव में आते हैं तब तब वे अपने लिए बेहतर उपलब्धियां हासिल कर लेते हैं। इतिहास इसका गवाह है, कोविड महामारी के खंडकाल में भी भारत ने दबाव में कई उपलब्धयां हासिल की थीं। भारत ने कोविड के खंडकाल में 100 से अधिक देशों को कोविड बीमारी से सम्बंधित दवाईयां एवं टीके निर्यात करने में सफलता हासिल की थी।

विदेशी व्यापार के मामले में चीन, कनाडा एवं मेक्सिको अमेरिका के बहुत महत्वपूर्ण भागीदार हैं। वर्ष 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, उक्त तीनों देश लगभग 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार प्रतिवर्ष अमेरिका के साथ करते हैं। इसके बावजूद अमेरिका ने उक्त तीनों के साथ व्यापार युद्ध प्रारम्भ कर दिया है। भारत के साथ अमेरिका का केवल 11,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही व्यापार था। अब ट्रम्प प्रशासन की अन्य देशों से यह अपेक्षा है कि वे अमेरिकी उत्पादों के आयात पर टैरिफ कम करे अथवा अमेरिका भी इन देशों से हो रहे विभिन्न उत्पादों पर उसी दर से टैरिफ वसूल करेगा, जिस दर पर ये देश अमेरिका से आयातित उत्पादों पर वसूलते हैं। यह सही है कि भारत अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर अधिक टैरिफ लगाता है क्योंकि भारत अपने किसानों और व्यापारियों को बचाना चाहता है। भारत में कृषि क्षेत्र के उत्पादों पर 25 से 100 प्रतिशत तक आयात कर लगाया जाता है जबकि कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य उत्पादों पर कर की मात्रा बहुत कम हैं। भारत ने विनिर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ा ली है परंतु कृषि क्षेत्र में अभी भी अपनी उत्पादकता बढ़ाना है। हाल ही के समय में भारत ने कई उत्पादों के आयात पर टैरिफ की दर घटाई भी है।

भारत के साथ दूसरी समस्या यह भी है कि यदि भारत आयातित उत्पादों पर टैरिफ कम करता है तो भारत में इन उत्पादों के आयात बढ़ेंगे और भारत को अधिक अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता पड़ेगी इससे भारतीय रुपये का और अधिक अवमूल्यन होगा तथा भारत में मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। विदेशी निवेश भी कम होने लगेगा और अंततः भारत में बेरोजगारी बढ़ेगी। भारत में सप्लाई चैन पर दबाव भी बढ़ेगा। इन समस्त समस्याओं का हल है कि भारत अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करे। परंतु, अन्य देश चाहते हैं कि द्विपक्षीय समझौतों में कृषि क्षेत्र को भी शामिल किया जाय, इसका रास्ता आपसी चर्चा में निकाला जा सकता है। अमेरिका एवं ब्रिटेन के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते सम्पन्न करने की चर्चा तेज गति से चल रही है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत और अमेरिका के बीच विदेशी व्यापार को 50,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किए जाएंगे। इस सम्बंध में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेजी से काम चल रहा है।

दूसरे, अब भारत को उद्योग एवं कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ानी होगी। हर क्षेत्र में लागत कम करनी होगी ताकि भारत में उत्पादित वस्तुएं विश्व के अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा में खाड़ी हो सकें। भारत में रिश्वतखोरी की लागत को भी समाप्त करना होगा। भारत में निचले स्तर पर घूसखोरी की लागत बहुत अधिक है। भूमि, पूंजी, श्रम, संगठन एवं तकनीकि की लागत कम करनी होगी। कुल मिलाकर व्यवहार की लागत को भी कम करना होगा। भारतीय उद्योगों को अन्य देशों के उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धी बनाना ही इस समस्या का हल है ताकि भारतीय उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पाद अन्य देशों के साथ विशेष रूप से गुणवत्ता एवं लागत के मामले में प्रतिस्पर्धा कर सकें। निजी क्षेत्र को लगातार प्रोत्साहन देना होगा ताकि निजी क्षेत्र का निवेश उद्योग के क्षेत्र में बढ़ सके। आज भारत में पूंजीगत खर्चे केवल केंद्र सरकार द्वारा ही बहुत अधिक मात्रा में किए जा रहे हैं। आज देश में हजारों टाटा, बिरला, अडानी एवं अम्बानी चाहिए। केवल कुछ भारतीय बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से अब काम चलने वाला नहीं हैं। भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने का समय अब आ गया है। तीसरे, मेक इन इंडिया ट्रम्प के टैरिफ युद्ध का सही जवाब है। आज भारत को सही अर्थों में 卐आत्मनिर्भर भारत卐 बनाए जाने की सबसे अधिक आवश्यकता है। भारत के लिए केवल अमेरिका ही विदेशी व्यापार के मामले में सब कुछ नहीं होना चाहिए, भारत को अपने लिए नित नए बाजारों की तलाश भी करनी होगी। एक ही देश पर अत्यधिक निर्भरता उचित नहीं है। स्वदेशी उद्योगों को भी बढ़ावा देना ही होगा।

# विदेशों में हिन्दू मन्दिरों पर हमले दुर्भाग्यपूर्ण

खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार-बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले की ऐसी घटनाओं का बार-बार होते रहना चिन्ता का सबब है। ऐसे पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं एवं दवाब बनाना चाहते हैं। भारतीय सांझा संस्कृति में मिलजुलकर रहने वाले समाजों को विभाजित करके घृणा, नफरत एवं द्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को न केवल बेनकाब करने की जरूरत है बल्कि उन्हें नेस्तनाबूंद किया जाना चाहिए। बात केवल खालिस्तानी अलगाववादियों की नहीं है, मुस्लिम आतंकवादी भी विभिन्न देशों में हिन्दू धर्म, मन्दिर, आस्था एवं संस्कृति पर ऐसे ही हमले करके दहशत फैला रहे हैं। हिन्दू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है, वह कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगा। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना विडम्बनापूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। भारत सरकार को भी कड़े कदम उठाते हुए सख्त संदेश देना चाहिए।

अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये? कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर पर हुई घटना से पहले लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के गाड़ी के सामने खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। जो खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। निश्चित तौर पर यह ब्रिटिश पुलिस की कोताही एवं लापरवाही है। उस समय खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया।

विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने, उनको नुकसान पहुंचाने, अराजक माहौल खड़ा करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं या कुछ देश कट्टरतावाद के चलते उन देशों के अल्पसंख्यक समुदायों पर तरह-तरह के हमले होने देती है। यह विडम्बना ही है कि जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं, फिर हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर हो रहे ऐसे हमलों को लेकर



दोहरी मानसिकता एवं दोहरा मापदण्ड क्यों? क्यों भेदभावपूर्ण मानसिकता है? निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास आती है। ऐसे ही अलगाववादियों के कृकृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के कारण ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ चुके हैं। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल, ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। अमेरिका खुद को धर्मनिरपेक्षतावादी एवं मानवाधिकार का हिमायती मानता है। आखिर अमेरिका जैसे शक्तिसंपन्न राष्ट्र में मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती? बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। लेकिन जैसी करनी वैसी भरनी की कहावत के अनुसार ट्रूडो सरकार बिखर गयी, धराशायी हो गयी। निश्चित रूप से पश्चिमी देशों की सरकारों को अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा व गरिमा तय करनी होगी।

लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? क्या अमेरिकी एवं ब्रिटेन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम उठाएंगे? हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था। आतंक किसी एक देश नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिये गंभीर खतरा है। लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों की अनदेखी की जा रही है। निश्चित तौर पर छोटी घटनाओं को नजरअंदाज करने से कालांतर में बड़ी हिंसक गतिविधियों को ही प्रश्रय मिलता है। प्रतिबंधित आतंवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस कनाडा सहित कई देशों में लगातार भारत विरोधी अभियान चला रहा है।

# दो गैंग के बीच जमकर चले लात-घूंसे

## एक-दूसरे को शर्ट फाड़ते तक पीटा, मोहल्लेवासी बोले- महिलाओं का सड़क पर चलना मुश्किल

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में दो गैंग के बीच जमकर लात-घूंसे चले हैं। जिसका वीडियो भी सामने आया है। यह विवाद इलाके में वर्चस्व बनाने को लेकर हुआ है। बदमाशों ने आपस में बहसबाजी के बाद एक-दूसरे को जमकर पीटा है। कई बदमाशों के शर्ट भी फट गए।

जानकारी के मुताबिक, टिकरापारा इलाके में कविता नगर और ब्रिज नगर है। इन दोनों मोहल्लों के अलग-अलग गैंग के 12 से अधिक लड़कों के बीच मंगलवार देर शाम मारपीट हो गई। मोहल्लेवासियों ने टिकरापारा थाने में लिखित शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।



**ट्रैफिक होता रहा जाम, मोहल्लेवासियों में नाराजगी:** यह मारपीट बीच सड़क में हो रही थी। जिस वजह से रास्ते में लगातार ट्रैफिक जाम होता रहा। मारपीट के दौरान वहां पर बच्चे भी मौजूद थे।

घटना के बाद कविता नगर के लोगों ने पुलिस को शिकायत भी दी है। शिकायत के मुताबिक, इस एरिया में लगातार असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।

बदमाश वहां से गुजरने वाली महिलाओं पर कमेंट करते हैं। जिससे डर का माहौल बना रहता है। उन्होंने इस मामले में पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने पुलिस से इलाके में पेट्रोलिंग के लिए भी कहा है।

वीडियो में साफ दिख रहा है कि, 12 से ज्यादा युवक आपस में एक-दूसरे को बुरी तरह पीट रहे हैं। लड़ाई के दौरान कुछ युवक जमीन पर भी गिरे। जिससे उनके कपड़े भी फट गए।

**गाली देने से मना करने पर महिला को पीट दिया:** वहीं, दूसरे मामले में टिकरापारा थाना इलाके में ही रहने वाली लीलावती टंडन ने भी मंगलवार को थाने में शिकायत दी। जिसमें उन्होंने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले हुसैन नाम का युवक घर के बाहर गाली-गलौज कर रहा था।

जब उन्होंने ऐसा करने से मना किया तो वह अपने दोस्तों को बुलाकर महिला के घर के भीतर घुस गया। फिर उन्होंने हाथ मुक्के से महिला की जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में महिला के सिर पैर पर चोटें आई हैं। इन दोनों मामले टिकरापारा थाना प्रभारी से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

# 14 साल की लड़की से रेप, शेल्टर होम में सुसाइड

## बाथरूम में लगाई फांसी, नाबालिग लड़के ने किया था दुष्कर्म, मेडिकल-टेस्ट के लिए लाई गई थी




**मीडिया ऑडीटर, जशपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में रेप पीड़िता नाबालिग ने शेल्टर होम में खुदकुशी कर ली। लड़की ने वॉशरूम में फांसी लगाई है। नाबालिग लड़के ने उसके साथ रेप किया था। 3 दिन पहले वह जशपुर पहुंची और कोतवाली थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जीरो में मामला दर्ज किया। इसके बाद उसे शेल्टर होम में काउंसलिंग के लिए रखा गया था। लेकिन मंगलवार सुबह 9 बजे उसने आत्महत्या कर ली।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक नाबालिग लड़की (14 साल) जिले के आस्ता थाना क्षेत्र की रहने वाली थी।

**मां का निधन, पिता मानसिक रूप से बीमार:** नाबालिग ने पुलिस को बताया था कि गांव के ही एक नाबालिग लड़के (15) ने उससे रेप किया। उसकी मां का निधन हो चुका है और उसके पिता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। पुलिस के अनुसार नाबालिग की मेडिकल जांच की जानी थी।

**आत्महत्या के कारणों का नहीं चला पता:** जशपुर एसडीओपी चंद्रशेखर परमा ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतिका के परिजनों को सूचना दे दी गई है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

**आरोपी नाबालिग हिरासत में:** नाबालिग आस्ता थाना क्षेत्र से जशपुर शहर में अकेले पहुंची थी लेकिन किन परिस्थितियों में उसे आत्महत्या जैसा कदम उठाना पड़ा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। रेप के आरोपी नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के बाद उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

## उचित मूल्य दुकान ग्राम रतनपुर के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खड़गवां द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान रतनपुर का शा.उ.मू.दुकान रतनपुर (आई.डी.क्र 532004046) का निरीक्षण खाद्य निरीक्षक खड़गवां द्वारा किया गया। कार्यालय को प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदनानुसार जांच में गंभीर अनियमितता पाई गई। संचालनकर्ता एजेंसी जल ग्रहण स्व. सहायता समूह रतनपुर को आवंटित शा.उ.मू.दुकान को निलंबित कर नजदीकी शा.उ.मू.दुकान कोडागी आई.डी.क्र -532004072 में संलग्न किया गया है। इस हेतु आदिम जाति सहकारी समिति, बहुउद्देशीय सहकारी समिति महिला स्वयं सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य समितियों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर नियमानुसार आबंटन की कार्यवाही किया जाना है।

# नई बाइक पर थूका तो पड़ोसी को हंसिए से काट-डाला, आरोपी बोला- मेरी ज्यादा सैलरी से चिढ़ता था, जेसीबी ड्राइवर थे दोनों

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में नई बाइक पर थूका, तो युवक ने पड़ोसी का हंसिए से गला काट दिया। आरोपी का कहना है कि, मेरी ज्यादा तनख्वाह से वो चिढ़ता था। जब उसने नई बाइक खरीदी तो वह उस पर थूक रहा था। इसलिए गुस्से में उसने मर्डर कर दिया। मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है। खरोरा थाना प्रभारी दीपक पासवान ने बताया कि, मुरा गांव निवासी आरोपी मनोज साहू (20) और रंजीत साहू (48) दोनों पड़ोसी थे। दोनों जेसीबी ड्राइवर हैं। आज (बुधवार) सुबह करीब साढ़े 7 बजे दोनों के बीच बहसबाजी हो गई। दोनों घर के सामने लड़ने लगे। मनोज ने गाली-गलौज करते हुए अपने घर से हंसिया लाकर उस पर हमला कर दिया।







**गले में पड़ा हंसिया, मौके पर मौत:** आरोपी ने हंसिए से रंजीत के गले पर हमला किया। जिससे उसका गला कट गया। कंधे के पास भी हंसिए से वार किया। हमले के बाद वो बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर गया। उसके शरीर से तेजी से खून बहने लगा। इस दौरान आरोपी घबरा कर घर के अंदर घुस गया। आसपास के लोगों को जब घटना के बारे में पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**आरोपी बोला- मेरी ज्यादा सैलरी से जलता था:** पुलिस ने जब आरोपी मनोज से पूछताछ की, तो उसने बताया कि, उसकी 17 हजार रुपए तनख्वाह है। इस बात से रंजीत चिढ़ता था कि उसे कम पेमेंट मिलता है। वह अक्सर मनोज को गुस्से-गुस्से में यह बात बोलते रहता था। इसके अलावा होली में मनोज ने नई बाइक खरीदी थी। रंजीत ने चिढ़कर अचानक उसके सामने थूक दिया। यह बात मनोज को बुरी लग गई थी।

**चार बच्चों का पिता था रंजीत:** पुलिस के मुताबिक, रंजीत के चार बच्चे हैं। उस पर अपने घर की पूरी जिम्मेदारी थी। घर का भरण-पोषण कर रहा था। इसके अलावा आरोपी मनोज साहू भी खरोरा के वार्ड क्रमांक-6 में अपने माता-पिता के साथ रहता है। आरोपी अविवाहित है। फिलहाल पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी मनोज साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

# 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म

## आइसक्रीम के बहाने ले गया रूम, फिर किया रेप,पीड़िता की मां बोली- आरोपी को मिले सख्त सजा




**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 6 साल की बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया है। आरोपी पावभाजी के दुकान में काम करता था और बच्ची को आइसक्रीम खिलाने के बहाने अपने रूम में ले जाकर घिनौनी हरकत को अंजाम दिया। बच्ची की मां की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात में 6 साल की बच्ची घर के बाहर थी। तभी पावभाजी दुकान में काम करने वाला 23 साल का युवक उसके पास आया।

इसके बाद उसे आइसक्रीम खिलाने के नाम पर 20 रुपए देते हुए गोद में उठाकर दुकान ले गया। जहां से उसे अपने रूम में ले जाकर युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

इसके कुछ देर बाद बच्ची रोते हुए अपने घर पहुंची और मामले की सूचना अपने परिजनों को दी। जिसके बाद रात में पीड़िता के परिजन कोतवाली थाना पहुंचे और मामले में रिपोर्ट दर्ज कराया।

जहां पुलिस ने महिला थाना में 4-सीएचएल, 65(2)-बीएनएस के तहत अपराध कायम कर लिया है और जांच कर रही है।

**आरोपी को कड़ी सजा मिले:** पीड़िता की मां ने बताया कि रात में उसकी बेटी रोते हुए आकर पूरी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद वे लोग थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराए हैं। उनका कहना है कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ताकि इस तरह की घटना किसी और बच्ची के साथ न हो सके।

**पुलिस गिरफ्त में आरोपी:** इस संबंध में कोतवाली प्रभारी एनु देवांगन ने बताया कि आरोपी की उम्र 23 साल है। दुष्कर्म मामले में अपराध दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# 1 करोड़ की शराब का दुबई कनेक्शन

## निष्कासित कांग्रेस नेता का कई राज्यों में नेटवर्क, संगठित रूप से शराब तस्करी की आशंका

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में नगरीय निकाय चुनाव के दौरान जब्त की गई 1 करोड़ रुपए की शराब का दुबई कनेक्शन का पता चला है। आबकारी विभाग में जब्त शराब दुबई की कंपनी ने गोवा में ऑर्डर किया था, जिसे भूटान में शराब सप्लाई करना था।

यह भी पता चला है कि मुख्य तस्कर और निष्कासित कांग्रेस नेता पंकज सिंह चंडीगढ़, अंबाला, मोहाली, कुरुक्षेत्र, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के आरोपियों के साथ मिलकर शराब तस्करी का नेटवर्क चलाता था। इस मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

निकाय चुनाव से पहले गोवा से शराब मंगाने वाला निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी पंकज सिंह को पुलिस ने रायपुर के वीआईपी रोड स्थित कॉलोनी से पकड़ा है। इस घटना के बाद से वह लंबे समय से रायपुर में छिपकर रह रहा था। उसे ट्रैक करने के बाद पुलिस की एक टीम रायपुर रवाना हुई। मकान की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

**बैंक अकाउंट से खुला राज:** आबकारी विभाग ने इस मामले में सिविल लाइन थाने में केस दर्ज कराया है, जिस पर पुलिस की टीम ने आबकारी विभाग से मिले दस्तावेज की जांच की। साथ ही आरोपी पंकज और जयप्रकाश बघेल के बैंक डिटेल खंगाला, इसमें पता चला कि आरोपी ने गोवा और दूसरे राज्यों के लोगों के साथ लेनदेन किया है। इसके आधार पर पुलिस ने पंकज सिंह की तलाश शुरू की।




**दुबई की कंपनी के ऑर्डर पर भूटान जा रही थी शराब:** पुलिस ने अनुसार आरोपियों के पास से 1000 पेटी शराब की परमिट थी। जिसे दुबई की कंपनी के ऑर्डर पर गोवा से भूटान के लिए भेजी गई थी। इसमें से कुछ पेटियां रास्ते में उतारी गई। 40 से 50 शराब की पेटी पार्षद प्रत्याशी पंकज सिंह ने बिलासपुर में उतारने को कहा था। इसके एवज में रवि शर्मा और शिवकुमार सैनी को 50 हजार रुपए मिलते। लेकिन, सप्लाई से पहले ही वे पकड़े गए। मामले में पुलिस ने पत्राचार कर दुबई और भूटान की कंपनी के संबंध में जानकारी मांगी है।

**आरोपी का नेटवर्क कई राज्यों में फैला है:** पुलिस ने बताया कि पंकज सिंह लंबे समय से संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की सूचना विभाग को मिल रही थी। वह कई राज्यों में नेटवर्क फैलाकर शराब का कारोबार कर रहा था। आरोपी ने नगरीय निकाय चुनाव में बांटने के लिए शराब मंगाई थी। उन्होंने चंडीगढ़, अंबाला, मोहाली, कुरुक्षेत्र, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के आरोपियों का चयन किया था। मामले में जांच के साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है।

**ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर को गिरफ्तार:** नॉन ड्यूटी पेड शराब से भरी कंटेनर और कार को आबकारी विभाग ने 10 फरवरी को छतौना से पकड़ा था। ड्राइवर शिव कुमार सैनी और रवि शर्मा के पास से 1000 पेटी शराब भूटान ले जाने का परमिट मिला। गिनती में 990 पेटी शराब मिली।

परमिट फर्जी होने की आशंका पर जब पूछताछ की गई तो आरोपियों ने पंकज सिंह (41) निवासी सूर्या विहार सरकंडा और अन्य के नाम लिए। कार्रवाई के बाद आबकारी ने 23 फरवरी को प्रकरण पुलिस को सौंप दिया। इससे पहले आबकारी विभाग ने आरोपी ड्राइवर शिवकुमार और ट्रांसपोर्टर रवि शर्मा को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पंकज और पुलिस की मिलीभगत, फार्म हाउस से जब्त हुई थी शराब:** आरोपी पंकज सिंह के फार्म हाउस से सरकंडा पुलिस की टीम ने साल 2018 में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की थी। इस मामले में आरोपी लंबे समय तक फरार था। बाद में सरकंडा पुलिस ने जांच के बहाने उसका नाम केस से हटा दिया था। इसके बाद एक बार फिर उसका नाम अवैध शराब के केस में आया है। इस बार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की है।

# बस और कार के बीच टक्कर

## सभी सुरक्षित, बस ड्राइवर फरार, जर्जर सड़क-बढ़ते ट्रैफिक से हादसों का खतरा बढ़ा



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर के खोंगसरा-पेंड्रा मार्ग पर बस और कार की टक्कर हो गई। गनीमत रही की सभी यात्री सुरक्षित रहे। कार में एक बच्चे सहित पांच लोग सवार थे। बस में 20 से अधिक यात्री थे। हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

यात्रियों को पीछे से आ रही दूसरी बस में लिफ्ट लेकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। यह दुर्घटना सड़क की खराब स्थिति का नतीजा है। पेंड्रा-रतनपुर मुख्य मार्ग के निर्माणाधीन होने के कारण पूरा ट्रैफिक इस रूट पर डायवर्ट हो गया है।

खोंगसरा-पेंड्रा मार्ग पहले से ही जर्जर है। हजारों वाहनों की आवाजाही से सड़क पर बड़े-बड़े गडढे हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी वाहनों की संख्या बढ़ने से चालकों को वाहन नियंत्रण में रखना मुश्किल हो रहा है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग की है। साथ ही रतनपुर रोड का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग भी की है। इससे खोंगसरा-पेंड्रा मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

# 2 बार गर्भपात, फर एक साथ 4 बच्चों का जन्म

## 7वें महीने में 3 बेटियां और 1 बेटे का जन्म, डॉक्टर्स बोले-ऑपरेशन में आधे घंटे लगे

**मीडिया ऑडीटर, धमतरी (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में पहली बार एक महिला ने एक साथ 4 बच्चों को जन्म दिया है। इनमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल है। इससे पहले महिला का 2 बार गर्भपात हो चुका था, लेकिन 4 साल बाद घर में खुशियां चार गुना बढ़ गईं।

धमतरी के एक नर्सिंग होम में चारों बच्चों का जन्म समय से पहले यानी 7वें महीने में ऑपरेशन से हुआ है, जिन्हें आईसीयू में रखा गया है। रविवार (16 मार्च) को पैदा हुए पहले नंबर की बच्ची का वजन 1.5 केजी, दूसरा 1.3 केजी, तीसरा 1.1 केजी, और चौथे बच्चे का वजन 900 ग्राम है।

**4 साल पहले हुई थी शादी:** बच्चों के पिता नंदेश्वर नेताम (30) ने बताया कि वह कौहाबाहरा गांव के रहने वाले हैं। 4 साल पहले यानी 2020 में उनकी शादी लक्ष्मी नेताम (30) से हुई थी। दोनों की पढ़ाई भी साथ में हुई है। वह मजदूरी और कृषि कार्य करते हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी नेताम घर में सिलाई कार्य करती है।

**4 बच्चे की डिलवरी होना रेयर मामला:** डॉक्टर रोशन उपाध्याय ने बताया कि निजी नर्सिंग होम अस्पताल में महिला ने 4 बच्चों को जन्म दिया है। चारों बच्चों को आईसीयू में रखा गया है। मामला ज्यादा गंभीर होने के कारण परिवार की सहमति से बच्चों को ऑपरेशन कर बाहर निकाला गया।

**4 और 5 बच्चा का मामला दुर्लभ:** डॉक्टर ने कहा कि आईवीएफ इलाज के बाद 2 से 3 बच्चे एक साथ होते हैं। लेकिन बिना आईवीएफ के इस तरह का मामला रेयर होता है। महिला सरकारी अस्पताल से इलाज करवा रही थी। डॉक्टर ने कहा कि 2 से 3 बच्चे तो सामान्य देखे जाते हैं। 4 और 5 बच्चा का मामला दुर्लभ है।

**केरल में है सर्वाधिक बच्चों का रिकार्ड:** डॉक्टर रश्मि उपाध्याय ने बताया कि केरल के मल्लपुरम जिले में गोंडीहानी गांव है। वहां पर सर्वाधिक बच्चों का रिकॉर्ड देखा गया है, लेकिन इससे पहले धमतरी जिले में 2 बार 3 बच्चों के जन्म का रिकॉर्ड रहा है। अब चार बच्चे का रिकॉर्ड बन गया है।

पहला मामला 2010 का है, जहां एक साथ 3 बच्चों ने जन्म लिया था। वहीं 5 से 6 साल पहले भी एक साथ 3 बच्चों ने जन्म लिया था। इसके बाद जिले में 2025 में पहली बार अब 4 बच्चों ने एक साथ जन्म लिया है, जो रिकॉर्ड बन गया है।

# कलेक्टर ने सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करने के दिए निर्देश

## एसईसीएल से बकाया कर वसूली करने के लिए नगर निगम चिरमिरी को कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

### साप्ताहिक समय सीमा की बैठक हुई सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज जिला कार्यालय सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों, विभागीय महत्वपूर्ण पत्रों, पिछले शिविर के लंबित मुद्दों, डीएमएफ कार्यों की प्रगति, जन शिकायतों, जन चौपाल और पीएम पोर्टल की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जिले में दौरा प्रस्तावित है, जिसके पहले सभी विभागों को छह माह से लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग को पांच अतिरिक्त कक्षों के साथ कृषि, क्रेड़ा और स्वास्थ्य विभाग को अपना एस्टीमेट तैयार कर भेजने को कहा गया है। डीएमएफ की बैठक अगले माह आयोजित होगी। वन विभाग को जिले के कृष्ण कुंज स्थलों के बेहतर रखरखाव और नए पौधों के रोपण के निर्देश दिए गए हैं। आरटीओ कैंप का उद्घाटन मंत्री से कराने की बात कही गई है। सभी सरकारी विभागों को ईमेल आईडी जनरेट करने के लिए निर्देशित किया गया है ताकि सरकारी कार्यों में सुगमता आ सके। वहीं अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने बताया कि न्यू कलेक्ट्रेट ऑफिस के लिए आवंटित भूमि का खसरा नंबर उपलब्ध कराने को कहा गया है और यदि किसी की निजी जमीन इसमें आ रही है तो राजस्व विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। सर्किट हाउस, रिकॉर्ड रूम और जिला पंचायत भवन के लिए भूमि आवंटन पर चर्चा हुई। केल्हारी और कोटाडोल तहसील कार्यालयों में वॉशरूम निर्माण के निर्देश दिए गए हैं। गर्ल्स कॉलेज, नवोदय विद्यालय और खड़गवां में स्वास्थ्य और आयुष विभाग के लिए जमीन आवंटन पर चर्चा हुई।



डंगौरा में मेंटल हॉस्पिटल के लिए आवंटित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। खेल मैदान के लिए 20 एकड़ की मांग में से 13 एकड़ जमीन आवंटित की जा चुकी है, शेष 7 एकड़ के लिए कार्यवाही जारी है। मनेंद्रगढ़ में सामुदायिक भवन, गार्डन और अंबेडकर भवन के लिए भूमि चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए हैं। साल्ही में फायरिंग रेंज, जेल रोड में संग्रहालय, पुराने खसरों में सुधार, नए फिल्टर प्लांट की स्थापना, जलाशय, लघु जलाशय और नहरों के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। बिहारपुर में बकरी फार्म और पोल्ट्री फार्म की भी चर्चा हुई। वहीं सभी विभागों को अटल पोर्टल पर लॉगिन करने और अपनी योजनाओं को अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम और तहसीलदारों को हर टीएल बैठक में राजस्व विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। शहरी एवं ग्रामीण आवास योजनाओं, कृषि विभाग, वन अधिकार पत्रों और समित्व योजना के लंबित कार्यों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। पीएचई की प्रयोगशाला और मत्स्य पालन विभाग के लिए भूमि आवंटन पर चर्चा हुई। सभी ग्राम पंचायतों में शौचालय और वॉशरूम निर्माण के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल समस्या न हो, इसके लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और हॉस्टलों में पेयजल व टॉयलेट सुविधाओं के सुधार की जरूरत है। सोनहरी मिडिल स्कूल के लिए भवन निर्माण की बात कही गई है। खूंटापारा प्राइमरी स्कूल में मध्यान्ह भोजन संबंधी शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। करही टोला प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन के लिए अलग रूम की जरूरत को देखते हुए कार्रवाई के लिए कहा गया है।


नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं कलेक्टर ने विपणन विभाग, अग्रिम खाद्य भंडारण की लंबित परियोजनाओं की समीक्षा की। आर्थिक गणना के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। जिन स्कूली बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र नहीं बने हैं, उनके प्रमाण पत्र शीघ्र तैयार करने को कहा गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 22 मार्च को चिरमिरी में और 27 मार्च को भरतपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन होगा। पीएमजीएसवाई के तहत सड़क निर्माण कार्य, समाज कल्याण विभाग की लंबित परियोजनाएं, अनुकंपा नियुक्ति, ओबीसी प्राधिकरण, जल जीवन मिशन और ग्राम सभाओं के लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। फ्रीडम फाइटर लाई की पेंटिंग, पेंशन प्रकरण और जीपीएफ कार्यों को शीघ्र पूरा करने को कहा गया है।

# अचानक टूटी सीढ़ी, सीएम लड़खड़ाए

## करीला मेले में मंदिर में हादसा, लोगों ने संभाला, अब तक 5 लाख लोग पहुंचे







**अशोकनगर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रंगपंचमी के अवसर पर बुधवार को अशोकनगर स्थित जानकी धाम करीला पहुंचे। यहां मीडिया से बातचीत के दौरान जिस सीढ़ी पर सीएम खड़े थे, वो टूट गई। इससे वे लड़खड़ा गए। साथ खड़े लोगों ने उन्हें संभाला। करीला धाम में रंगपंचमी का तीन दिवसीय मेला चल रहा है। मुख्यमंत्री सुबह करीब 11:40 बजे यहां पहुंचे। माता जानकी के दर्शन और पूजा की। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते वक्त हादसा हो गया।

**सीढ़ी पर ज्यादा लोग खड़े थे, वजन से टूटी:** मुख्यमंत्री यादव ने माता जानकी के दर्शन किए। इसके बाद रेलिंग में खड़े श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की। फिर सीढ़ियों से उतरते हुए मीडिया से चर्चा करने लगे। उनके साथ और भी लोग थे। वजन अधिक होने से अस्थायी सीढ़ी टूट गई।हालांकि, घटना में किसी को चोट नहीं आई है। सीएम ने कहा कि यहां पर जनता का जोश ऐसा है कि लोग आते ही जा रहे हैं। माता की लीला है। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्साह, उमंग और जोश के साथ होश भी जरूरी है।

**यहां का इतिहास 17 लाख साल पुराना- सीएम:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यहां का इतिहास 17 लाख साल पुराना है। यहां बच्चे-बच्चे के रोम-रोम में राम समाए हैं। मैं पिछली बार यहां आया तो ऐसा लगा जैसे कोई चुंबक लगा हो। अपने आप यहां एक बार आने के बाद कोई भी खिंचा चला आता है।

राई नृत्य को लेकर मुख्यमंत्री बोले- मुझे बताया गया कि यह राई नृत्य का कार्यक्रम है। मैं इसमें थोड़ा संशोधन करना चाहता हूं। हो सकता है राई नृत्य का नाम बाद में बदला हो, जब भगवान श्री राम के यहां लव कुश का जन्म हुआ होगा। भगवान राम के नाम पर रघुराई नृत्य हुआ होगा। ये भाव और भावना का नृत्य है।

सीएम ने कहा कि यहां धर्मशाला बननी है। जब मैं पिछली बार आया था तो 10 लाख रुपए देने की घोषणा की थी, जो आ भी गए, लेकिन 10 लाख रुपए कम हैं। अगली बार इस मेला के लिए 1 करोड़ रुपए व्यवस्थाओं के लिए भेजेंगे।

**करीला लोक बनाने की मांग, मेले के लिए एक करोड़ देने की घोषणा:** मीडिया से बात करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंदिर के सामने बने मंच पर पहुंचे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने माता जानकी धाम को करीला लोक बनाने, यहां बड़े होटल खुलवाने समेत अन्य व्यवस्थाएं कराने की मांग की। मंदिर क्षेत्र में शराब की बिक्री पर रोक लगाने की भी बात कही। सीएम ने मंच से करीला मेले के लिए 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। वे करीब एक घंटे करीला धाम में रुके।

**करीला में हुआ था लव-कुश का जन्म:** अशोकनगर के करीला धाम में महर्षि वाल्मीकि का आश्रम है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यहीं पर रंगपंचमी के दिन एक गुफा में लव-कुश का जन्म हुआ था। यह गुफा सालभर में एक बार 24 घंटे के लिए खोली जाती है। इस अवसर पर प्रदेशभर से लोग पूजा-अर्चना करने के लिए जुटते हैं।

**पहले दिन 5 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन:** मान्यता है कि लव-कुश के जन्म के समय स्वर्ग से अप्सराओं ने उतरकर माता जानकी के दरबार में नृत्य किया था। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर बधाई नृत्य कराते हैं। तीन दिवसीय मेले के पहले दिन 5 लाख श्रद्धालुओं ने माता जानकी के दर्शन किए।

## इंदौर की गेर में टैंकर ने युवक को रौंदा, मौत

### हादसे के बाद सीएम ने कैंसिल किया गेर में शामिल होने का प्रोग्राम



**इंदौर (एजेंसी)।** रंगपंचमी पर बुधवार को इंदौर में गेर निकाली गई। यूनेस्को की टीम भी यहां पहुंची। कलेक्टर आशीष सिंह का दावा है कि गेर में पांच लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। सफाई कर्मचारियों ने सफाई का जिम्मा संभाल लिया है।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने गेर में शामिल होने इंदौर पहुंचे। लेकिन इससे पहले ही उन्होंने प्रोग्राम कैंसिल करने का निर्णय लिया। दरअसल, गेर निकालने के दौरान राजवाड़ा में टैंकर का पहिया 45 वर्षीय शख्स के पेट के ऊपर से निकल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सीएम ने मृतक के परिवार 4 लाख रुपए देने की घोषणा की है।

इंदौर के राजवाड़ा पर रंगपंचमी की गेर के दौरान एक युवक टैंकर की चपेट में आ गया। टैंकर का पहिया उसके पेट से गुजर गया। उसे तड़पता देख लोगों ने एम्बुलेंस तक पहुंचाया। जिसके बाद उसे एम्बुलेंस की मदद से एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने टैंकर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

मृतक की पहचान सनी मौर्य (उम्र 24 वर्ष) निवासी रुक्मिणी नगर के रूप में हुई है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुआ तो उसके दोस्त राहुल सेन ने उसे पहचान लिया। राहुल ने यह खबर उसकी मां को दी और वे तत्काल एमवाय अस्पताल के पोस्टमॉर्टम रूम पहुंचे।

इधर, फाग यात्रा में अचानक एक शख्स की तबीयत बिगड़ गई, उसे तुरंत एम्बुलेंस में बैठाया गया। हजारों लोगों की भीड़ ने रास्ता देकर कुछ ही मिनट में एम्बुलेंस को बाहर निकाला। वहीं, गेर में तीन लोग घबराहट से बेहोश हो गए।

## एसडीएम से ऊंची आवाज में बोले बुजुर्ग, 6 घंटे बैठाया

### 10 किमी पैदल चल कर जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे थे

**नीमच (एजेंसी)।** नीमच में शिकायत लेकर आए एक बुजुर्ग किसान को पुलिस ने 6 घंटे तक बिठाए रखा। भूमि सीमांकन की मांग को लेकर मंगलवार को जगदीश दास बैरागी (70) अपने गांव अड़मालिया से 10 किलोमीटर पैदल और 8 किलोमीटर बस का सफर तय कर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे।

बुजुर्ग किसान ने एसडीएम को बताया कि उनकी भूमि का सीमांकन और बटवारा लंबित है। इस मामले में कई बार कार्यालय का चक्कर लगा चुके हैं। अपनी समस्या बताते समय उनकी आवाज कुछ तेज हो गई। इसी बात पर कैंट थाने के दो पुलिसकर्मी करीब 1 बजे उन्हें जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर थाने ले गए। वहां उन्हें शाम 6 बजे तक बिना खाए-पिए बैठाए रखा। इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। उनके बेटे किशोरदास ने बस स्टैंड से उन्हें घर भेजा।

**एसडीएम बोले- बटांकन का केस चल रहा है:** नीमच एसडीएम संजीव साहू ने बताया कि बुजुर्ग का बटांकन का केस तहसीलदार के यहां चल रहा है। बुजुर्ग का कहना है कि बटांकन उनके मुताबिक किया जाए। मौका अनुसार रिपोर्ट आई है। उसके बाद तहसीलदार को निर्देश दिए कि नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

बुजुर्ग सहमत नहीं हो, तो वह अपील के लिए स्वतंत्र है। बुजुर्ग थोड़ा उग्र स्वभाव के है, बात सुनते नहीं है। नियमानुसार फिलहाल केस का निराकरण कर दिया है। असंतुष्ट होने पर अपील कर सकते हैं।

## गोवा की होटल में मिला खंडवा की महिला का शव

### नकाबपोश लड़की अपने साथी के साथ सीसीटीवी में दिखी, हत्या के एंगल से जांच

**खंडवा (एजेंसी)।** खंडवा की रहने वाली 35 साल की महिला का शव गोवा के कलंगुट स्थित राजहंस होटल में मिला है। गोवा पुलिस हत्या के एंगल से मामले की जांच कर रही है। होटल के सीसीटीवी कैमरे में एक नकाबपोश लड़की और उसका साथी कैद हुआ है। आशंका है कि दोनों महिला का पर्स लूटने के इरादे से कमरे में घुसे थे।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक, रामनगर निवासी भावना चौहान का शव गोवा की होटल में मिला था। उसका पोस्टमॉर्टम हो चुका है, लेकिन रिपोर्ट नहीं आई है। मौत कैसे हुई इस बारे में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। भाई अवधेश अपनी बहन भावना का शव लेने गोवा पहुंचा है। अवधेश ने पुलिस को बताया कि भावना होटल के कमरे में थी। सुबह एक नकाबपोश लड़की एक साथी के साथ कमरे के गेट पर पहुंची। उसने गेट खटखटाया। भावना ने जैसे ही गेट खोला तभी लड़की और उसका साथी कमरे में घुस गए। फिर वे पर्स लूटकर भागने का प्रयास कर रहे थे।



**पिता के घर रहकर बेटे की परवरिश की:** भावना के परिवार में 7 वर्षीय बेटा, माता-पिता व भाई अवधेश और भाभी हैं। अवधेश भोपाल के बीएचईएल में जॉब करते हैं। पिता विजय ने बताया भावना मेडिकल इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी में काम करती थी। उसकी शादी हो चुकी थी। वह और उसका बेटा हमारे साथ रह रहा था।

**2015 में रतलाम निवासी रेलकर्मी से हुई शादी:** भावना के पिता ने बताया कि, उसकी शादी 2015 में रतलाम निवासी रविंद्र सिंह तोमर से हुई थी, वह रेलवे में हैं। शादी के बाद से ही दामाद ने बेटी को परेशान करना शुरू कर दिया। बेटे को जन्म देने के बाद उसे लेकर वो खंडवा आ गई। 2017 से वो यही रह रही थी। पिता के मुताबिक ऑफिस वर्क के लिए भावना का अक्सर मुंबई आना-जाना लगा रहता था। 7 मार्च को भी वह घर से मुंबई के लिए निकली थी। 10 तारीख को उसने बताया कि कंपनी टूर पर गोवा जा रही है। वह गोवा के राजहंस होटल में रुकी हुई थी।

**फोन बंद आने पर दर्ज कराई थी गुमशुदगी:** 15 मार्च की दोपहर 2 बजे तक बेटी से बातचीत हुई थी। इसके बाद शाम को फोन किया तो मोबाइल स्विच ऑफ आया। हमने रातभर प्रयास किया, लेकिन मोबाइल बंद ही आता रहा। 16 मार्च को सुबह भोपाल में नौकरी कर रहे बेटे अवधेश चौहान को जानकारी दी। उसने पुलिस से बात की, तब हमने थाना कोतवाली जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई। 17 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि महाराष्ट्र की कंपनी में काम करने वाली युवती की लाश गोवा के होटल में मिली है। 18 मार्च की सुबह शव की पहचान उनकी बेटी भावना के रूप में हुई।

## एमपी में रंगपंचमी पर गेर का जश्न

### इंदौरी गेर में 5 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए, विदेशी पर्यटक भी हिस्सा बने



**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर में पिछले 75 सालों से लगातार निकलने वाली रंगपंचमी की गेर इस बार पहले से भी ज्यादा भव्य और रंगीन रही। यह लगातार तीसरा साल है जब गेर में पांच लाख से अधिक लोग शामिल हुए। इस आयोजन में लाखों लीटर पानी और 25 हजार किलो से ज्यादा गुलाल उड़ाया गया। राजवाड़ा और उससे जुड़े रास्तों पर लगभग 5-6 किमी के दायरे में सड़कें पूरी तरह रंगों से सराबोर हो गईं।

इस पारंपरिक आयोजन में फाग यात्रा के साथ झांकियां भी शामिल की गईं। खासतौर से ब्रज की लट्ठमार होली, रासलीला और श्रीकृष्ण की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। गेर देखने के लिए शहर भर की छतों की बुकिंग की गई, जहां लोग तिरपाल लगाकर खड़े होकर इस भव्य आयोजन का आनंद लेते नजर आए। गेर में मंत्री तुलसी सिलावट और विधायक मालिनी गौड़ भी शामिल हुए।

## युवती के सुसाइड के बाद 4 घर, कार-बाइक फूंके

### 8 घरों में तोड़फोड़, चक्काजाम की कोशिश, भारी फोर्स तैनात

**गंजबासौदा (एजेंसी)।** गंजबासौदा में युवती के सुसाइड के दूसरे दिन बुधवार को बवाल हो गया। सुबह पहले चक्काजाम की कोशिश की। इसके बाद दोपहर में आठ घरों में तोड़फोड़ की। चार घरों में आग लगा दी। एक कार और बाइक भी फूंक दी। इस दौरान किसी को चोट नहीं पहुंची है। बढ़ते तनाव को देखते हुए गांव में 70 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। एसपी रोहित केसवानी और एएसपी प्रशांत चौबे पहुंचे हैं। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। घटना गंजबासौदा से करीब 25 किलोमीटर दूर उमर्छा गांव की है।

**युवती का शव फंदे पर लटका मिला था:** कुरवाई एसडीओपी अनूप सिंह नैन ने बताया कि मंगलवार को गांव की रहने वाली भाग्यश्री विश्वकर्मा (20) का शव फंदे पर लटका मिला था। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। कुछ देर बाद युवती का भाई लकी विश्वकर्मा घर आया, तो अंदर से गांव का ही रहने वाला मुबारिक खान भागता दिखा। लकी ने अंदर जाकर देखा, तो बहन फंदे पर लटकी दिखी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

**दूसरे दिन चक्का जाम लगाने की कोशिश:** बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे परिजन के साथ गांव के लोग शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर जयस्तंभ चौक पर चक्काजाम करने पहुंच गए। पुलिस को जानकारी मिली, तो पुलिस ने बासौदा पहुंचने से पहले बंजारी माता मंदिर के पास उन्हें रोक लिया।

लोगों को समझाइश के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए गांव भिजवा दिया। दोपहर करीब 2:30 शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।

**घर तोड़ने और मर्डर केस दर्ज करने की मांग:** लोगों ने आरोपी का घर तोड़ने और उसके खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने की मांग की। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या की गई है। इसके बाद शव को फंदे से लटका दिया गया है।

**समुदाय विशेष के घरों पर हमले करने लगे:** शाम करीब 4 बजे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों के घरों पर हमला करना शुरू कर दिया। इसमें करीब आठ घरों में जमकर तोड़फोड़ की। चार घरों को आग के हवाले कर दिया। घर के बाहर रखी एक बाइक और कार में भी आग लगा दी।

**पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, फोर्स तैनात:** बवाल की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। गांव में पठारी, कुरवाई, बासौदा शहर, ग्रामीण, सिविल लाइन विदिशा, सिरोंज थाने से करीब 70 से ज्यादा पुलिस बल तैनात किया गया है।

## डैम में डूबी नाव, 7 श्रद्धालुओं की मौत

**शिवपुरी (एजेंसी)।** शिवपुरी के माता टीला डैम में नाव डूबने से 7 लोगों की मौत हो गई है। 24 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में गोताखोरों ने एक लापता बच्ची समेत सभी 7 शव निकाल लिए है। अब रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म कर दिया गया है।

हादसा मंगलवार शाम 4.45 बजे हुआ था। रजावन गांव के 15 लोग नाव से डैम के बीच टापू पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर होली की फाग के लिए जा रहे थे।

मंदिर तक पहुंचने से पहले ही नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। नाव में सवार सभी लोग डूबने लगे। स्थानीय ग्रामीणों ने 8 लोगों को बचा लिया था।

हादसे के करीब 17 घंटे बाद बुधवार सुबह करीब 10 बजे शारदा पति इमरत लोधी (55) के रूप में पानी से पहला शव निकाला गया। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने एक-एक कर 6 और शव निकाले।

## बुरहानपुर में सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी से तनाव

### कोतवाली का घेराव करने पहुंचे लोग, बाजार बंद, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद संभले हालात

**बुरहानपुर (एजेंसी)।** बुरहानपुर में मंगलवार रात सोशल मीडिया पर धर्म विशेष पर टिप्पणी को लेकर तनाव फैल गया। इस विवादित टिप्पणी के खिलाफ बड़ी संख्या में लोग कोतवाली थाने का घेराव करने पहुंच गए। सूचना मिलते ही कलेक्टर हर्ष सिंह, एडीएम वीर सिंह चौहान और एसपी देवेंद्र पाटीदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

सभी अधिकारियों ने लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। सुरक्षा की दृष्टि से बाजार भी बंद करा दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से आरोपी का नाम और टिप्पणी का खुलासा करने से इनकार किया है।

**इंस्टाग्राम चैट में की थी विवादित टिप्पणी:** पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात 10 बजे लोहार मंडी निवासी एक युवक इंस्टाग्राम ग्रुप पर चैट कर रहा था। इस बीच उसने धर्म विशेष को लेकर टिप्पणी की। कुछ ही देर में यह पोस्ट वायरल हो गई। संबंधित धर्म के लोग आक्रोशित होकर बाजार में इकट्ठा हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और उन्हें खदेड़ा। इसके बाद सभी कोतवाली पहुंच गए।





**कानून हाथ में लेने वालों पर होगी कार्रवाई:** एसपी देवेंद्र पाटीदार ने कहा- हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं। शहर में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर पहले से ही धारा 188 के तहत आदेश जारी हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी कानून हाथ में लेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी आपत्तिजनक स्थिति में थाने में शिकायत करें।

**मंत्री बोले- मामले की जांच कर रही पुलिस:** मामले में मंत्री विश्वास सारंग ने कहा- पुलिस जांच कर रही है। सच्चाई सामने आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

उन्होंने कहा- हम देख रहे हैं कि देश-प्रदेश में हर जगह कांग्रेस सामाजिक और धार्मिक उन्माद फैलाने का काम करती है। मध्यप्रदेश में प्रशासन हर घटना पर पूरी मुस्तैदी से ध्यान रख रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त हैं। होली एक ऐसा पर्व है, जो सामाजिक समरसता के भाव के साथ मनाया जाता है। मेरी सभी से अपील है कि शांति बनाए रखें।

## नगर निगम इंजीनियर के घर आग

### तीन मंजिला मकान में रखा सामान जलकर राख, शॉर्ट सर्किट के वजह से हादसा

**ग्वालियर (एजेंसी)।** ग्वालियर में बुधवार सुबह नगर निगम के इंजीनियर के घर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग से तीन मंजिल मकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते इंजीनियर अपने परिवार के साथ घर से बाहर निकल आया जिससे उसकी जान बच गई। घटना बहोड़ापुर क्षेत्र के श्री विहार कॉलोनी में की है।

आग की सूचना इंजीनियर ने तत्काल फायर ब्रिगेड टीम और पुलिस को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। पानी की बौछार कर करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग में कोई जनहानि नहीं हुई है, आग लगने का कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

**बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से लगी आग:** ग्वालियर के बहोड़ापुर क्षेत्र के श्री विहार कॉलोनी में बुधवार सुबह करीब 10:00 बजे नगर निगम में पदस्थ इंजीनियर ब्रजकिशोर त्यागी के तीन



मंजिला मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी तेज हो गई की तीन मंजिला मकान में रखा गृहस्थी सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। मकान में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

**पांच गाड़ी पानी से पाया काबू:** मामले की जानकारी देते हुए फायर ब्रिगेड अधिकारी अतिबल सिंह यादव ने बताया कि श्री विहार कॉलोनी में बुधवार सुबह नगर निगम में पदस्थ इंजीनियर ब्रिज किशोर त्यागी द्वारा घर में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम पर दी गई थी, सूचना मिलती कंट्रोल रूम से चार गाड़ियां रवाना की गई थी। लेकिन आग ज्यादा होने के चलते एक गाड़ी और भेजी गई थी, जहां पांच गाड़ियों की मदद से घर में लगी आग को बुझा दिया गया है। आज में कोई जनहानि नहीं हुई है आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

## ग्वालियर से 4 साल के बच्चे का अपहरण

### मां-पिता कॉस्मो आनंदा टाउनशिप में मजदूरी कर रहे थे, खेलते-खेलते गायब हो गया

**ग्वालियर (एजेंसी)।** ग्वालियर के सिरोल कॉस्मो आनंदा टाउनशिप से 4 साल के बच्चे का अपहरण हो गया है। बच्चे के मां-पिता ललितपुर यूपी के रहने वाले हैं और यहां टाउनशिप के निर्माण में मजदूरी कर रहे हैं। घटना मंगलवार दोपहर 12 बजे कॉस्मो आनंदा टाउनशिप की है। बच्चा टाउनशिप परिसर में खेलते-खेलते गायब हो गया है। टाउनशिप निर्माणाधीन है इसलिए वहां सीसीटीवी कैमरे अभी नहीं लगे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सिरोल थाना पुलिस स्पॉट पर पहुंची है। करीब आधा सैकड़ा पुलिस अफसर-जवान मासूम की खोजबीन में लगे हैं। 24 घंटे से ज्यादा समय बीत गया है, लेकिन बच्चे का अभी तक कुछ भी पता नहीं चला है। पुलिस कॉस्मो आनंदा की तरफ जाने वाले सभी रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है, लेकिन अभी तक कोई ऐसी लीड नहीं मिली है जिससे बच्चे का पता चल सके।

**50 से ज्यादा पुलिस अफसर जांच में जुटे:** बच्चे के गायब होने का पता चलते ही सीएसपी विश्वविद्यालय हिना खान, टीआई सिरोल आलोक भदौरिया, थाना विश्वविद्यालय और झांसी रोड के साथ ही थाटीपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और बालक की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला





तो पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह, एएसपी लाल कृष्ण चंदानी भी मौके पर पहुंच गए। बच्चे की तलाश में पुलिस ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। पुलिस की 8 से 10 टीम आसपास सर्चिंग कर रही हैं, जबकि कुछ टीमें हाइवे से लेकर शहर के रास्तों पर सर्च कर रही हैं।

**डॉग स्क्वॉड के साथ कई टीमें कर रहीं तलाश:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की कई टीमें बालक की तलाश में लगाई गई हैं। बालक की तलाश के लिए डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया। लेकिन बच्चे का ऐसा कोई कपड़ा या सामान नहीं मिला है, जिसे बच्चे ने पहना या फिर छुआ है। डॉग आस पास ही घूमकर रास्ता भटक गया है।

**2 महीने पहले ही आया था परिवार:** उत्तर प्रदेश के ललितपुर महूलेन गांव में रहने वाले रामकुमार वंशकार (27) पेशे से मजदूर है। ग्वालियर में अभी वह डीईओ ऑफिस के पास एक निर्माणाधीन छात्रावास में परिवार सहित रहता है। 2 महीने पहले वह ग्वालियर मजदूरी के लिए आया था। परिवार में पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं। दूसरे नंबर के बच्चे की उम्र लगभग चार साल है। जिसका नाम देवराज वंशकार है। रोज की तरह रामकुमार और उसकी पत्नी काम करने के लिए कॉस्मो आनंदा गए थे और चार वर्षीय बच्चा देव वहां पर अपने भाई-बहन के साथ खेल रहा था। दोपहर 12 बजे तक देव वहां पर बच्चों के साथ खेलता रहा और उसके बाद पास ही रहने वाली एक बच्ची के साथ बेर तोड़ने गया था, जिसके बाद बच्ची उसे वापस उसी स्थान पर छोड़कर चली गई थी।

कुछ देर बाद उसकी मां उसे देखने के लिए आई तो वह गायब था। बच्चे को गायब देखकर उसने अपने स्तर पर तलाश की, जब पता नहीं चला तो पति को सूचना दी। सूचना मिलते ही पति तथा अन्य साथी देव की तलाश में लगे, लेकिन उसका पता नहीं चला।

**पुलिस को सीसीटीवी कैमरों से है आस:** पुलिस अफसरों का मानना है कि पुलिस की कोई मदद कर सकता है तो वह सीसीटीवी कैमरे हैं। कॉस्मो आनंदा के बाहर जहां घटना हुई है वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है। यह टाउनशिप अभी निर्माणाधीन है। इसके अलावा आसपास का इलाका भी सुनसान होने की वजह से कोई सीसीटीवी नहीं लगा मिला है। अब पुलिस देख रही है कि कॉस्मो आनंदा की ओर जाने वाले अन्य रास्तों पर कहीं सीसीटीवी कैमरे लगे हो।

**खुद नहीं भटक सकता, कोई उठाकर ले गया:** अफसरों का मानना है कि 4 साल का बच्चा खुद से कहीं नहीं जा सकता है। यदि वह रास्ता भी भटक गया होता तो 24 घंटेमें उसकी कोई सूचना तो पुलिस को मिलती। आशंका है कि उसे कोई बहलाकर ले गया है या फिर जबरन उठाकर ले गया है। पुलिस रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर भी फुटेज तलाश रही है।

# बाबर आजम ने बड़ा फैसला लेते हुए सबको चौंकाया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड में होने वाली आगामी सीरीज के लिए पाकिस्तान की टी20 टीम से बाहर किए गए पूर्व कप्तान बाबर आजम ने राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया है। बाबर, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज नसीम शाह को 16 मार्च से क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया था। इन तीनों खिलाड़ियों को हालांकि, वनडे टीम में बरकरार रखा गया है। बता दें कि हाल ही में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी में भी बाबर आजम का प्रदर्शन की काफी आलोचना हुई थी। टीम की घोषणा करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने संकेत दिया था कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल बाबर, रिजवान, नसीम इस सप्ताह फैसलाबाद में शुरू होने वाले राष्ट्रीय टी20 में हिस्सा लेंगे। बाबर और नसीम ने हालांकि, कार्यभार प्रबंधन और आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि अप्रैल के मध्य में पाकिस्तान सुपर लीग शुरू होने वाली है। इसलिए ये स्पष्ट है कि वे फ्रेंचाइजी लीग को प्राथमिकता दे रहे हैं। सूत्र ने कहा कि, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की असंगत नीतियों को देखते हुए ये खिलाड़ी जानते हैं कि अगर वे पीएसएल में कुछ अच्छे प्रदर्शन करते हैं तो वे राष्ट्रीय टी20 टीम में वापस आ जाएंगे।

इससे सोशल मीडिया पर भी उनकी चर्चा होगी।

# मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन पर फंसा पेंच, हार्दिक और बुमराह के बगैर कैसे बनेगी टीम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 के पहले मैच में हार्दिक पांड्या नहीं खेल पाएंगे। दरअसल पिछले साल आईपीएल के आखिरी मैच में उन पर स्लोओवर रेट का जुर्माना लगा था, इसलिए उन्हें इस साल का पहला मैच मिस करना होगा। इस बीच चर्चा थी कि हार्दिक के ना होने से टीम का कप्तान कौन होगा। अब इस पर से पर्दा हट गया है। टीम की ओर से ऐलान किया गया है कि आईपीएल 2025 के पहले मैच में सूर्यकुमार यादव टीम की कमान संभालेंगे। इतना ही नहीं अब ये भी पक्का हो गया है कि जसप्रीत बुमराह पहले कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। इन सब के बीच पहले मैच में मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन क्या होगी, इसको लेकर पेंच फंस गया है।

मुंबई इंडियंस की टीम अपना पहला मैच आईपीएल 2025 में सीएसके के खिलाफ 23 मार्च की शाम को खेलेगी, ये मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा।



अब अगर प्लेइंग इलेवन की बात करें तो रोहित शर्मा तो टीम के पहले सलामी बल्लेबाज होंगे ही। लेकिन उनके जोड़ीदार को लेकर पेंच फंसा हुआ है। वैसे तो रयान रिकेल्टन इसके लिए तगड़े दावेदार हैं, लेकिन अगर उनसे ओपनिंग कराई गई तो फिर आगे मामला फंस जाएगा। ऐसे में मुंबई इंडियंस दूसरे ओपनर के तौर पर श्रीजीत कृष्णन को ये जिम्मेदारी सौंप सकती है। इसके बाद मामला तय है। तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और विल जैक्स मामला हल कर देंगे। नमन धीर के रूप में टीम के पास एक अच्छा बल्लेबाज है, जिनके पास ज्यादा अनुभव तो नहीं है, लेकिन इतना जरूर है कि वे टीम के लिए अच्छा काम कर सकते हैं।

कोर्बिन बॉश और मिचेल सेंटनर एक उम्दा ऑलराउंडर की भूमिका में नजर आएंगे। जसप्रीत बुमराह की गैर???हाजिरी में तेज गेंदबाजी जिम्मेदारी दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट के हाथ में रहेगी। साथ ही कर्ण शर्मा एक स्पिनर के तौर पर नजर आने वाले हैं।

वैसे अगर ईमानदारी से देखा जाए तो ये बहुत अच्छी प्लेइंग इलेवन नहीं बन रही है। लेकिन अगर रयान रिकेल्टन से ओपनिंग कराई तो चार विदेशी खिलाड़ी कौन से होंगे, इसको लेकर पेंच फंस जाएगा। मिचेल सेंटनर, ट्रेंट बोल्ट और विल जैक्स को तो बाहर किया नहीं जा सकता। रयान रिकेल्टन खेलेंगे तो कोर्बिन बॉश को बाहर बैठना पड़ेगा। वैसे हो तो ये भी सकता है कि अर्जुन तेंदुलकर पर भरोसा जताया जाए। श्रीजीत कृष्णन कीपिंग की जिम्मेदारी भी निभा सकते हैं। इतना जरूर है कि एक ही मैच से हार्दिक और जसप्रीत बुमराह के बाहर होने से टीम का संतुलन गड़बड़ा गया है इसे ठीक करने में सूर्यकुमार यादव को काफी मेहतन करनी होगी।

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब आईपीएल के लिए रविंद्र जडेजा ने शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने आईपीएल 2025 के लिए तैयारी शुरू कर दी है। चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा दुबई से वापसी के बाद तुरंत ही चेन्नई के कैंप में शामिल हो गए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें वह अपने टीम के साथियों से मिलने के लिए उत्सुक हैं, खासकर वह टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी से मिलने के लिए बेताब हैं। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा शेयर वीडियो में ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने बताया है कि वह एमएस धोनी और अपने पूर्व साथी स्पिनर आर अश्विन के साथ ट्रेनिंग करने के लिए काफी उत्सुक हैं। जडेजा ने कहा कि वह अश्विन के साथ मिलकर एक बार फिर से काम करना चाहते हैं। एमएस धोनी सीएसके कैंप से पहले ही जुड़ गए थे। लेकिन ऋषभ पंत की बहन की शादी में शामिल होने के लिए इस समय कैंप से बाहर हैं।

वहीं वीडियो में जडेजा कहते हैं कि, घर आकर अच्छा लग रहा है और टीम के साथ होने के लिए उत्सुक हूं। और थाला द बॉस से मिलने की राह देख रहा हूं। रविंद्र जडेजा ने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पांच मैचों में पाच विकेट झटके। उन्होंने फाइनल में विजयी चौका भी लगाया था।

# अब आईपीएल की वजह से एक ही स्तर की तीन राष्ट्रीय टीम उतार सकता है भारत-कार्तिक

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा कि आईपीएल ने भारतीय क्रिकेट का स्तर इतना बढा दिया है कि अब भारत एक ही समय पर एक ही स्तर की दो से तीन राष्ट्रीय टीम उतार सकता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट और इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर ईशा गुहा से बातचीत मेंकार्तिक ने भारतीय क्रिकेट की मानसिकता बदलने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में आईपीएल की भूमिका की सराहना की।



कार्तिक ने कहा ,'' आईपीएल ने हमारे सभी खिलाड़ियों में जीत की मानसिकता भरी है। पैसे और आर्थिक फायदों से बुनियादी ढांचा भी मजबूत हुआ है और जब ढांचा मजबूत होता है तो खेल का स्तर बेहतर होता ही है।''उन्होंने कहा ,'' हम कह सकते हैं कि आईपीएल के आने के बाद से अब भारत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही समय पर दो से तीन टीमें उतार सकता है। भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का भंडार है।''उन्होंने कहा ,'' मैने आईपीएल में अपने पहले साल में ग्लेन मैकग्रा के साथ खेला और उनके साथ अभ्यास करके मुझमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का आत्मविश्वास और सोच आई।

# सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अच्छी खबर, ये धाकड़ खिलाड़ी चोट से उबरा, अब मचाएगा तूफान



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्ट को होना है। इससे पहले क्काया मारन की फ्रेंचाइजी के लिए अच्छी खबर आई है। जनवरी से मैदान से दूर ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी साइड स्ट्रेन से उबरने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पीटीआई के हवाले से नितीश ने बीसीसीआई सेंटर ऑप एक्सीलेंस में यो-यो टेस्ट सहित सभी फिटनेस टेस्ट सफलतापूर्वक पास कर लिए हैं और फिजियो ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है। आंध्र प्रदेश के 21 वर्षीय क्रिकेटर भारत के लिए 22 जनवरी को ईडन गार्डन में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में खेला था, लेकिन उन्होंने उस मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं की थी चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले नितीश ने नेट पर अभ्यास किया, लेकिन साइड स्ट्रेन के कारण वह उस मैच और पांच मैचों की सीरीज से बाहर हो गए। पिछले साल खिलाड़ियों की मेगा ऑक्शन से पहले हैदराबाद की टीम ने नितीश को 6 करोड़ रुपये में रिटने किया था। नितीश ने 2024 में 13 मैचों में 143 के स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए थे। उन्होंने भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भी प्रभावित किया था। इसमें मेलबर्न में चौथे टेस्ट में 114 रनों की पारी सहित कई अहम योगदान दिए थे। नितीश जल्द ही सनराइजर्स की टीम से जुड़ेंगे। टीम 23 मार्च को हैदराबाद में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करेगी।

# मिचेल स्टार्क हुए भारतीय क्रिकेट के मुरीद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क आईपीएल 2025 के साथ मैदान पर वापसी करने वाले हैं। इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी से उन्होंने ब्रेक लिया था। स्टार्क एक बार फिर भारतीय जमीन पर अपनी तेज गेंदबाजी का कहर बरपाएंगे। भारत आने से पहले ही इस खिलाड़ी ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सिर्फ टीम इंडिया ही नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट की भी तारीफ की है। साथ ही उन्होंने टीम इंडिया में मिस्टर फिक्सइट का नाम भी बताया है। मिचेल स्टार्क आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाले हैं। दिल्ली ने ऑक्शन में उनपर 11.75 करोड़ रुपये खर्च किए थे। टीम से जुड़ने से पहले उन्होंने अपने साथ खिलाड़ी केएल राहुल की जमकर तारीफ की है। मिचेल ने फैनटेसटिक टीवी पर बात करते हुए कहा कि, केएल राहुल भारत के लिए मिस्टर फिक्सिट की तरह हैं। जब उनसे कहा गया तो उन्होंने बल्लेबाजी की शुरुआत की, नंबर 6 पर बल्लेबाजी की, विकेटकीपिंग की, फील्डिंग किया, मध्यमक्रम में बल्लेबाजी की। उन्होंने लगभग सब कुछ किया है, उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई हैं, मैं उनके साथ खेलने के लिए उत्साहित हूं।

# आईपीएल 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स ने लिया बड़ा फैसला, के राहुल से छीनी कप्तानी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन की शुरुआत से पहले ही दिल्ली कैपिटल्स टीम ने बड़ा फैसला लेकर सभी को हैरान कर दिया है। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने नए कप्तान के नाम का ऐलान किया है।

टीम ने केएल राहुल से कप्तानी छीन कर ये जिम्मेदारी ऑलराउंडर अक्षर पटेल को सौंपी है। पहले ये अनुमान था कि केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 के लिए राहुल की जगह अक्षर पटेल को ये जिम्मेदारी सौंप दी है। बता दें कि आईपीएल 2025 के लिए 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी ने केएल राहुल को खरीदा था। मगर उनके ऊपर अबर टीम ने अक्षर पटेल को तवज्जो दी है। अक्षर पटेल इससे पहले बड़ौदा टीम की कमान संभाल चुके है। उन्होंने टी20 क्रिकेट में कुल 16 मैचों में टीम की कमान संभाली है जिसमें से 10 में टीम को जीत मिली है।अक्षर पटेल ने बीते आईपीएल सीजन के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी। दिल्ली को 47 रनों से हार मिली थी। कप्तान के तौर पर अक्षर पटेल 364 रन बना चुके है, उनकी औसत 36.40 रही है।

# अब हॉकी खिलाड़ियों पर बरसेगा पैसा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की है। जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। ये सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगरात सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में



व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार शामिल हैं। इस साल के पुरस्कार उसी दिन दिए जाएंगे जिस दिन 50 साल पहले 1975 में भारतीय पुरुष टीम ने विश्व कप जीता था जो देश का अब तक का पहला और एकमात्र वर्ल्ड खिताब है। इसके साथ ही 2025 में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष भी पूरे हो जाएंगे क्योंकि देश को सात नवंबर 1925 को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ से मान्यता मिली थी।

# आईपीएल में इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 में भले ही चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी रुतुराज गायकवाड कर रहे हों, लेकिन इस टीम की असली पहचान तो एमएस धोनी से ही है। धोनी की कप्तानी में ही इस टीम ने अब तक पांच बार इस खिताब को अपने नाम किया है। जब भी किसी टीम का मुकाबला सीएसके से होता है तो जीत दर्ज कर पाना आसान काम नहीं होता। इस बीच क्या आपको पता है कि सीएसके के खिलाफ आईपीएल में किस बल्लेबाज ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। इसके साथ ही सवाल ये भी है कि क्या रोहित शर्मा 1000 वाले क्लब में इस साल एंट्री मार पाएंगे। चलिए विस्तार से आपको पूरी बात बताते हैं।

शिखर धवन ने बनाए हैं आईपीएल में सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ अब तक आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले



बल्लेबाज शिखर धवन हैं। शिखर धवन अब तो आईपीएल से रिटायर हो गए हैं, लेकिन वे अपने करियर के दौरान कई टीमों से खेले। इसमें दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद जैसी टीमें शामिल हैं। सीएसके के खिलाफ शिखर धवन ने 29 मैच खेलकर 1057 रन बनाए हैं। उन्होंने इस टीम के खिलाफ एक शतक और आठ अर्धशतक लगाने का काम किया है। इस बार चेन्नई की टीम राहत की सांस ले सकती है, क्योंकि शिखर धवन आईपीएल नहीं खेल रहे हैं।

इसके बाद दूसरे नंबर पर आते हैं विराट कोहली। पहले आईपीएल से लेकर अब तक एक ही टीम यानी आरसीबी के लिए खेल रहे विराट कोहली ने सीएसके के खिलाफ अब तक 33 मैच खेलकर 1053 रन बनाए हैं। इसमें शतक तो कोई नहीं है, लेकिन 9 अर्धशतक जरूर शामिल हैं। अब इस आईपीएल में विराट कोहली के पास मौका है कि वे शिखर धवन को पीछे कर सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएं। इसके लिए उन्हें केवल 5 ही रन और चाहिए।

इस बीच रोहित शर्मा की बात की जाए तो वे भी इस टीम के खिलाफ 1000 रन बनाने के काफी करीब हैं। उन्होंने अब तक सीएसके के खिलाफ 34 मैच खेलकर 896 रन बनाए हैं। यानी 1000 क्लब में एंट्री मारने के लिए रोहित शर्मा को 104 रनों की जरूरत है। यानी उन्हें कम से कम एक बड़ी पारी सीएसके के खिलाफ जरूर खेलनी होगी। इन तीन के अलावा बाकी कोई भी बल्लेबाज चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 800 से ज्यादा रन बनाने में कामयाब नहीं हो पाया है।

# सतना के नन्ही दुनिया स्कूल पर 2 लाख का जुर्माना, फीस बढ़ाने समेत कई नियम तोड़े

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले में नन्ही दुनिया स्कूल की मनमानी पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। स्कूल प्रबंधन पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है, जिसे 7 दिन के भीतर जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, कुछ अभिभावकों की शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) टीपी सिंह ने स्कूल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान तीन प्रमुख नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। बताया गया कि स्कूल प्रबंधन ने मनमाने तरीके से फीस में वृद्धि की। एनसीईआरटी के अलावा निजी प्रकाशकों की किताबें भी बेचीं। साथ ही अभिभावकों पर एक ही दुकान से ड्रेस और स्टेशनरी खरीदने का दबाव बनाया।



जांच में इन आरोपों को सही पाए जाने के बाद स्कूल को नोटिस जारी किया गया। लेकिन स्कूल प्रबंधन की ओर से संतोषजनक जवाब न मिलने पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने स्कूल पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया।

**जांच में मिली ये खामियां:** फीस में मनमानी वृद्धि- स्कूल प्रबंधन द्वारा सत्र 2024-25 और 2025-26 के लिए बिना सक्षम समिति के अनुमोदन के ही कक्षा नर्सरी से 4 तक 20%, कक्षा 5 में 15% और कक्षा 7-8 में 20% तक फीस बढ़ा दी गई। नियमों के अनुसार, शुल्क वृद्धि समिति की स्वीकृति के बिना नहीं की जा सकती।

अभिभावकों पर एक दुकान से खरीदने का दबाव- निरीक्षण के दौरान स्टाफ ने बताया कि अभिभावकों को "माही साइबर एवं स्टेशनरी" नामक दुकान से ही स्कूल ड्रेस, किताबें और स्टेशनरी खरीदने को कहा जाता है। बुक सेलर के कार्टन स्कूल परिसर में बड़ी संख्या में पाए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया। यह कलेक्टर के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

एनसीईआरटी के अलावा निजी प्रकाशकों की किताबें- स्कूल द्वारा नर्सरी कक्षा के अलावा अन्य कक्षाओं में भी एनसीईआरटी के स्थान पर निजी प्रकाशकों की पुस्तकें पढ़ाई जा रही थीं, जो अधिनियम की धारा 6 की कंडिका (घ) के खिलाफ है।

**स्कूलों पर प्रशासन की सख्ती जारी:** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी स्कूल को नियमों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने अन्य निजी स्कूलों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मैहर मे बिजली के खंभे पर लटका मिला विक्षिप्त युवक

## चौकी प्रभारी की मौजूदगी में कचरा वाहन से ले जाया गया शव

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर में मानसिक रूप से विक्षिप्त 40 वर्षीय गुड्डू कोल ने बिजली के खंभे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चौकी प्रभारी की मौजूदगी में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए कचरा वाहन में ले जाया गया। वाहन से कचरा भी नहीं हटाया गया। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है।

**झाड़-फूंक कराने मैहर लेकर आए थे**

घटना बुधवार दोपहर की है। गुड्डू कोल खाना खाने के बाद अपनी ससुराल मैहर में गोला मठ मंदिर रोड पर गया। वहां सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे में साफी से फांसी लगा ली। राहगीरों ने देखकर देवी जी चौकी प्रभारी महेन्द्र पांडेय को सूचना दी।



मृतक अबेर, जिला सतना का रहने वाला था। परिजनों के अनुसार, वह पिछले कई महीने से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। इसी कारण उसकी झाड़-फूंक कराने के लिए परिजन उसे मैहर लेकर आए थे। मृतक मजदूरी का काम करता था।

# तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर पलटा

## सतना-चित्रकूट हाईवे पर हुआ हादसा, पुलिस ने राहगीरों की मदद से ड्राइवर को बाहर निकाला



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक पलट गया। हादसा हिरौंदी के पास रात करीब 1 बजे हुआ।

हादसे में ट्रक चालक राजकुमार कोल (32) ट्रक के अंदर फंस गया। वो सतना के आदर्श नगर नई बस्ती का रहने वाला है। सूचना मिलते ही मझगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद चालक को ट्रक से बाहर निकाला।

घायल चालक को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां ले जाया गया। उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के समय ट्रक सतना से चित्रकूट की तरफ जा रहा था।

## सभी विभाग ए-ग्रेड में आने का प्रयास करें, बी और सी श्रेणी के विभागों को नोटिस

# कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** बुधवार को कलेक्टर कार्यालय मैहर के सभाकक्ष में संपन्न हुई समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि सभी विभाग ए-श्रेणी में आने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बी और सी ग्रेड में रहे विभागों को कारण बताओ नोटिस जारी कर ग्रेडिंग के समय तक ए श्रेणी में आने के लिए प्रोत्साहित करें। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, उप संचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह, कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत, कार्यपालन यंत्री पीएचई डीएन कनेल, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी, ओपी अस्थाना, एमएल प्रजापति सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत किसी भी स्तर पर नाट-अटेण्ड नहीं रहनी चाहिए यह सुनिश्चित करें। सभी विभाग शिकायतों के निराकरण में संतुष्टिपूर्ण का प्रतिशत बढायें। धरती आबा अभियान के तहत सभी विभागों को कैम्प लगाने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि धरती आबा अभियान के सभी कार्य मार्च अंत पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि तीनों विकासखण्ड मैहर, अमरपाटर और रामनगर के चयनित गांवों में 20 मार्च से 9 अप्रैल तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में अनुविभाग और विकासखण्ड स्तर के सभी विभागों के अधिकारी अपनी टीम के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ से शत-प्रतिशत लाभांवित करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी इन शिविरों में उपस्थित होकर वहां चल रही अधोसंरचनात्मक योजनाओं को गति देकर पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। स्वरोजगार की योजनाओं में कलेक्टर ने बैंक सहायित सभी प्रकरणों में ऋण स्वीकृत और वितरित कर समस्त लक्ष्य पूर्ति 25 मार्च तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बढ रही शिकायतों के मद्देनजर नल जल परियोजनाओं की सुधार के लिए विशेष अभियान चलायें। भू अर्जन और विभागों को अपनी अधोसंरचना के लिए भूमि की आवश्यकता वाले प्रकरणों पर कलेक्टर ने प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खनिज मद में खनिज की रियालिटी निर्माण विभाग अपने संविदाकारों से इसी माह जमा करायें और पोर्टल पर सही इन्ट्री करायें। बैठक में जल जीवन मिशन, नवीन स्वीकृत कार्यों की स्थिति, विभागीय समन्वय के मामले तथा उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# निश्चित स्थान से पुस्तकें और गणवेश क्रय करने की बाध्यता पर प्राइवेट स्कूल पर 2 लाख रूपये का अर्थदण्ड

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने पुस्तके और गणवेश एक स्थान से क्रय करने की बाध्यता पर अशासकीय नन्ही दुनिया इंटरनेशनल स्कूल बगहा कोठी रोड को 2 लाख रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर ने शिकायत की जांच के बाद मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस एवम अन्य संबंधित विषयों का विनियमन 2017 और 2020 की धारा 6 के विपरीत कृत्य करने पर संबंधित स्कूल पर अधिनियम की धारा 9 के तहत प्रथम बार में 2 लाख रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।

अशासकीय नन्ही दुनिया इंटरनेशनल स्कूल कोठी रोड सतना विकासखण्ड सोहावल जिला सतना संकुल केन्द्र शा.उ.मा.वि. व्यंक्ट क्रमांक-2 के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई थी कि संस्था द्वारा स्कूल से ही किताबें ड्रेस लेने हेतु बाध्य किया जाता है। और जो अभिभावक इससे मना करते हैं तो संस्था द्वारा बच्चों को परेशान किया जाता है। संस्था में एनसीआरटी की पुस्तकों के अलावा स्वतंत्र प्रकाशकों की पुस्तकें चलाई जाती है। जिसका आर्थिक बोझ पालकों पर अनावश्यक पडता है। अंकसूची देने के लिए भी राशि भी ली जाती है लेकिन इसकी रसीद नहीं दी जाती है। कलेक्टर को शिकायत प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी सतना द्वारा 11 मार्च को संस्था का निरीक्षण कर शिकायत की जांच मौके पर की गई। उसमें पाया गया कि संस्था द्वारा सत्र 2024-25 और सत्र 2025-26 के पत्रक के अवलोकन में बिना सक्षम समिति के अनुमोदन के कक्षा नर्सरी से कक्षा 4 तक की शुल्क वृद्धि 20 प्रतिशत कक्षा 5 में लगभग 15 प्रतिशत और कक्षा 7 एवं 8 में 20 प्रतिशत वृद्धि नियमों के विपरीत की गई है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्टाफने बताया कि स्कूल ड्रेस और पुस्तकें माही साइबर एवं स्टेशनरी नामक प्रतिष्ठान राजेन्द्र गली नम्बर 3 से प्राप्त करने के लिए अभिभावकों को कहा जाता है। इस संस्थान का कार्ड भी संस्था में काफी मात्रा में रखे पाये गये।

# मतदाता सूची के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्य और गतिविधियों की सतत प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की नियमित सहभागिता के उद्देश्य से जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे, एसडीएम और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सतना राहुल सिलाडिया, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रैगांव एलआर जांगडे, इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेन्द्र सिंह, केबी त्रिपाठी सहित राजनैतिक दलों प्रतिनिधियों में मकसूद अहमद, प्रदीप समदरिया, विनोद अग्रवाल, रामसागर पाण्डेय, रामकुमार विश्वकर्मा, जेपी कुशवाहा, डॉ. अमित सिंह उपस्थित रहे।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुसार सतना और मैहर जिले में कुल 7 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जिनमें प्रत्येक विधानसभा की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता सूची के संबंध में जानकारी देने और सुझाव के लिए विधानसभा स्तर और मण्डल स्तर के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठकें ली जा चुकी है। इन बैठकों के पश्चात जिला स्तर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर उनके सुझाव प्राप्त किये जा रहे हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे ने बताया कि सतना और मैहर जिले के कुल 1950 मतदान केन्द्रों में सात विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत अब 17 लाख 31 हजार 151 मतदाता शामिल हैं। इनमें 9 लाख 4 हजार 296 पुरूष, 8 लाख 26 हजार 845 महिला तथा 10 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान 32 हजार 398 नये मतदाता जोडे गये हैं। जिनमें 18-19 वर्ष आयु के 13 हजार 993 मतदाता शामिल है। पुनरीक्षण के पश्चात मतदाता सूची के जेण्डर रेशियों में भी व्यापक सुधार हुआ है। अब जेण्डर रेशियों 4.08 बढकर 914.35 हो गया है। जिसमें चित्रकूट विधानसभा में 3.47, रैगांव में 4.22, सतना में 3.23, मैहर में 3.27, अमरपाटन में 4.51 और रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 6.68 जेण्डर रेशियों की वृद्धि हुई है। जिले का ईपी रेशिओं भी 64.16 से 0.44 बढकर अब 64.60 हो गया है।

# युवा संगम रोजगार मेला के तहत 102 बेरोजगार आवेदकों का हुआ चयन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शासकीय आईटीआई सतना में बुधवार को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 228 (ऑफ्लाइन एवं आनलाइन पंजीकृत) बेरोजगार युवा शामिल हुए। मेले में टाटा मोटर्स, जोमैटो, वीईसीवी पीथमपुर, मदरशन सूमि, एसआईएस सिक्योरिटी, प्रगतिशील बायोटेक, चैतन्य फइनेंस, डुरोसॉक्स कंपनी, देवा इंटरप्राइजेज, जिंडल पाइप्स, रिलायंस सोलर कंपनी द्वारा 102 आवेदकों को योग्यता के अनुसार चयन किया गया। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सतना तथा जिला रोजगार कार्यालय सतना द्वारा संस्था के प्राचार्य/रोजगार अधिकारी बीडी तिवारी एवं संस्था के अन्य पदाधिकारियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

# नवरात्रि से पहले रोपवे की सुरक्षा पर जोर

## मैहर में एनडीआरएफ की मॉकड्रिल, 45 मिनट में रस्सियों के सहारे यात्रियों को सुरक्षित निकाला



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर में त्रिकूट पर्वत स्थित मां शारदा देवी मंदिर में एनडीआरएफ ने रोपवे पर एमरजेंसी कंडीशन की मॉकड्रिल की। बनारस से आई 11वीं एनडीआरएफ की टीम ने रोपवे में फंसे यात्रियों को बचाने का अभ्यास किया।

मॉकड्रिल के दौरान रोपवे की ट्रॉली पहाड़ी के पिलर नंबर 3 पर रोक दी गई। एनडीआरएफ के जवानों ने रस्सियों की मदद से ट्रॉली तक पहुंचकर यात्रियों को एक-एक करके सुरक्षित नीचे उतारा। यह पूरी प्रक्रिया 45 मिनट में पूरी की गई। मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य रोपवे प्रबंधन और प्रशासनिक टीम को आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण देना था। मॉकड्रिल देख लोगों को ऐसा लगा कि सच में कोई घटना हो गई।

**17 से 26 मार्च तक रोपवे सेवा बंद रहेगी:** एसडीएम विकास सिंह ने बताया कि 30 मार्च से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि के मद्देनजर यह अभ्यास किया गया। त्योहार के दौरान रोजाना सवा से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। रोपवे मेंटेनेंस के लिए 17 से 26 मार्च तक सेवा बंद रहेगी। मॉकड्रिल के दौरान एसडीएम विकास सिंह, डिप्टी कमांडेंट रामभुवन सिंह यादव, रोपवे इंचार्ज, मंदिर समिति के कर्मचारी और फायर कर्मी मौजूद रहे।

# जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चयनित ग्रामों में लगेंगे शिविर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्श अभियान के अंतर्गत चयनित ग्रामों में अनूसूचित जनजाति वर्ग के जीवन में स्तर में सुधार लाने और उनके समग्र विकास के लिए तीनों विकासखण्ड के चयनित ग्रामों में कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशानुसार विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर ने चयनित ग्रामों में आयोजित इन शिविरों में समस्त विभाग के विकासखण्ड स्तरीय और अनुविभागीय स्तरीय अधिकारियों को अपनी टीम के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लाभ से शत-प्रतिशत लाभांवित करने के निर्देश दिये हैं।

मैहर विकासखण्ड के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग मैहर द्वारा जारी आदेशानुसार 20 मार्च को ग्राम पंचायत झुकेही के लेदरी में, 21 मार्च को ग्राम पंचायत करौंदिया के करौंदिया, 22 मार्च को अमुवा के अमुवा में, 24 मार्च को ग्राम पंचायत बिनैका के गढवा में, 25 मार्च को रोहनिया खुर्द के रोहनियाखुर्द (रोहनिया एवं गुनेही) में, 26 मार्च को धनेडीखुर्द के उरदनी में, 27 मार्च को तिघराखुर्द के धनवाहीखुर्द में, 28 मार्च को कुठिलगवां के टिसकिलीकला में, 29 मार्च को सेमरा के बुढागर में, 31 मार्च को भमरहा की मनौरा में, 1 अप्रैल को गोरइयाकला के आमाडांडी ग्राम में, 2 अप्रैल को चौपडा के कोठी में, 3 अप्रैल को करतहा के करसरा में, 4 अप्रैल को बराखुर्द के टीकरखुर्द (टीकर एवं बिहराखुर्द) में, 5 अप्रैल को सारंग के बडारी में, 7 अप्रैल को ग्राम पंचायत सारंग की बहली ग्राम में, 8 अप्रैल को ककरा पंचायत के बराकला में और 9 अप्रैल को ग्राम पंचायत बिहराकला के ग्राम टीकरकला में प्रातः 10 बजे से विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

# 235 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्राम मलगॉव में आज निःशुल्क बृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस शिविर में आये हुये 235 मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श भी प्रदान किया गया। साथ ही, निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस शिविर में विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कंपनी के एजीएम सी.एस.आर. एंड पीआर, देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि



जगतनारायण त्रिपाठी (उपसरपंच), अध्यक्ष अशोक द्विवेदी समाजसेवी, विशिष्ट अतिथिगण कृष्णपाल सिंह पूर्व सरपंच, नरेंद्र सिंह तिवारी समाजसेवी, रामबली साकेत समाजसेवी, और प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड से एम.के. सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं डी. के. सिंह जीएम माइंस द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया गया।

इस अवसर पर मिश्रा ने प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि आज के शिविर में डॉ. डी.डी. मिश्रा हड्डीरोग विशेषज्ञ, डॉ. अनुराग बागरी मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. रचना गुप्ता स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. सतीश त्रिपाठी दंत रोग विशेषज्ञ और डॉ. नीरज सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मनीष कुमार सिन्हा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स ने कहा कि इस स्वास्थ्य शिविर से हमारे ग्रामवासियों को निश्चित रूप से उन विशेषज्ञों का लाभ मिलेगा, जिनके लिये हमे जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता है। नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर हम गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं।

अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने कहा कि यह केवल एक चिकित्सा शिविर नहीं, बल्कि समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है, और ऐसे प्रयास न केवल लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि जागरूकता भी फैलाते हैं। कार्यक्रम के अंत में डी. के. सिंह जीएम माइंस ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर में हड्डी रोग के 88, नेत्र रोग के 36, दंत रोग के 27, हृदय रोग एवं सामान्य चिकित्सा के 54, और स्त्री रोग से संबंधित 30 मरीजों का परीक्षण किया गया और उपचार किया गया। इसके अलावा, 28 रोगियों के ब्लड शुगर की जांच भी की गई।

इस चिकित्सा शिविर में ग्राम पंचायत मलगॉव से वीरेन्द्र सिंह, प्रभूदयाल गुप्ता, सुशील द्विवेदी, कुंतलिया यादव, शांती शर्मा एवं प्रिज्म जॉनसन से देवेन्द्र मिश्रा, विजय मिश्रा, प्रकाश पाण्डेय, संदीप तिवारी, बृजेश मिश्रा, संजय सिंह परिहार के अलावा काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। आयोजन का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की। कई लोगों ने इस तरह के कैंप को समय-समय पर आयोजित करने की मांग की, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

# सियाशील वेयरहाउस में पकड़ी गई धान की चोरी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** धान उपार्जन वर्ष 2024-25 में सतना जिले के उपार्जन केंद्र समिति दलदल का खरीदी स्थल सियासील वेयरहाउस में था वेयरहाउस का संचालन कर रहे मान सिंह के द्वारा 4250.80 कुंटल किसानो की धान चोरी करके वेयरहाउस में रख लिया गया जिसकी कीमत 97,76,840 रुपये थी और खरीदी केंद्र वाले को बोला गया की आपने कम मात्रा धान दिया जिससे आपके ऊपर शॉर्टेज है।

सियासील वेयरहाउस का संचालन कर रहे मान सिंह द्वारा किसानो और खरीदी केंद्र सभी से लूट मचा रखी है जब प्रशासन अलर्ट में आया और वेयरहाउस की जांच की गई तो धान की चोरी पकड़ में आई और जिसको धान शॉर्टेज का नाम देकर वेयरहाउस संचालन कर रहे मान सिंह के द्वारा चोरी करके खपाया जा रहा था प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके पूर्व में भी जितने उपार्जन केंद्र वेयरहाउस में उपार्जन का कार्य किया था सभी को इसी तरीके से फसा कर शॉर्टेज के नाम पर वेयरहाउस संचालक द्वारा उपार्जन केंद्र प्रभारी से पैसा वसूल किया जाता था और जानकारी अनुसार वेयरहाउस में शासन के रिकॉर्ड में दर्ज मात्रा से अधिक मात्रा में धान एवं गेहूं है जो एक जांच का विषय है।

यह वेयरहाउस रेखा सिंह के नाम से है जो की सतना जिले के रामपुर बाघेलान तहसील अंतर्गत दलदल की निवासी है और राजनीति से जुड़ी हुई काग्रेश पार्टी की कार्यकर्ता है अब देखना यह है की प्रशासन के द्वारा वेयरहाउस के ऊपर क्या कार्यवाही किया जाएगा या फिर राजनीति के दवाव में आकर इसको दबा दिया जावेगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।